



पाक्षिक
SINCE 1998

# टेक्सटाइल वर्ल्ड

Postal Registration No : BHILWARA/208/2021-2023 Posting on 24-04-2023 at Rail Mail Service, Bhilwara
वर्ष-25 अंक-21 भीलवाड़ा/ 22 अप्रैल, 2023 कुल पृष्ठ- 18 मूल्य : 25 रुपए 1




















## समर की मांग निकलने पर ही गारमेण्ट और कपड़ों में ग्राहकी जोर पकड़ेगी

**मुंबई/ रमाशंकर पाण्डेय**

गारमेंट में कारोबार कम हो गया है। सीजनल मांग नहीं है। गारमेंट के बड़े ब्रांड तथा बड़े रिटेल शोरूमों में समर कलेक्शन की व्यापक तैयारी है, लेकिन न तो गारमेंट कपड़ों की और न ही तैयार परिधानों की मांग बढ़ी है, उल्टे गारमेंट में ग्राहकी का रुख बदला है। रोजमर्रा के आइटमों में ही कारोबार ठीक से हो रहा है, जबकि गरमी की सीजन शुरू हो गई और सूती पतले कपड़ों से बने परिधानों की बाजार में कोई मांग नहीं है। छोटे एवं बड़े रिटेल स्टोरों में सन्नाटा पसरा हुआ है। वैवाहिक सीजन की ग्राहकी नहीं है, कोरोना बढ़ने का भय बना हुआ है, रमजान की ग्राहकी फिसड्डी रही है। उम्मीद स्कूल यूनिफॉर्म में कारोबार की है, जिसमें ग्राहकी का एक अच्छा दौर शुरू होने वाला है। ब्राण्डेड गारमेंट में सेल मई-जून से शुरू होने की संभावना है। ऐसे सेल में 40 से 50 प्रतिशत तक डिस्काउंट दिया जाता है, जिसके कारण अधिक से अधिक ग्राहक डिस्काउंट सेल की प्रतीक्षा करते हैं। गारमेंट काउंटरों में ग्राहक खरीदी करने नहीं आ रहे हैं। गारमेंट का रिटेल कारोबार घटने का यह प्रमुख कारण माना जा रहा है। लोगों का रुझान ऑनलाइन खरीदी पर अधिक हो गया है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर गारमेंट की बिक्री अधिक होने लगी है। यहां कुछ न कुछ छूट मिलती ही रहती है। इससे रिटेल दुकानों में ग्राहकी कम होती जा रही है। 4 मई के बाद वैवाहिक सीजन की शुरूआत हो जाएगी साथ ही समर की मांग निकलेगी, तब गारमेंट और कपड़ों में ग्राहकी जोर पकड़ सकती है। भारत से गारमेंट का निर्यात करीब 16 अरब डॉलर पर टिका है। जबकि श्रम लागत बढ़ने से चीन के हाथों से गारमेंट एक्सपोर्ट बाजार निकलने लगा। इसका सबसे अधिक फायदा बांग्लादेश ने उठाया और निर्यात दोगुना कर 42 अरब डॉलर कर दिया। आज बांग्लादेश में दुनिया के बड़े फैशन ब्रांडों को सर्विस देने वाले चार हजार से अधिक कारखानें है। इन कारखानों में कई लाख लोग कार्यरत हैं, जिनमें 90 फीसदी महिलाएं हैं। संभावना है कि आगे आने वाले समय में गारमेंट एक्सपोर्ट बाजार में चीन की हिस्सेदारी तेजी से कम होगी, ऐसे में भारत को 500 अरब डॉलर के वैश्विक आरएमजी व्यापार में से कम से कम 100 अरब डॉलर निर्यात करने का लक्ष्य रखकर आगे बढ़ने की जरूरत है।बंद पड़ी मिलों के नाम पर कपड़ों में कारोबार करने के मामले पहले अधिक हुआ करते थे, जिस पर अब काफी हद तक विराम लग चुका है, लेकिन नकली परिधान बनाने वाली अवैध कंपनी पर मुंबई पुलिस ने छापे मारे, जहां एक नामचीन टेक्सटाइल कंपनी का लोगो का इस्तेमाल कर नकली परिधान बनाने वाली एक कंपनी के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सूत्रों के अनुसार पुलिस को यहां पिछले कुछ समय से नामचीन ब्रैंडेड कंपनियों के परिधान बनाने की सूचना मिली और अधिकारियों ने इस जालसाजी का पर्दाफाश करने के लिए जाल बिछाया और उक्त कंपनी के गोदामों पर छापामार कर लाखों रू के नकली परिधान जब्त किए। मौके पर प्रिंटर सहित अन्य सामान भी मिला है।










# केन्द्रीय कपड़ा मंत्री श्री पियुष गोयल को बैंगलोर होलसेल क्लॉथ मर्चेंट एसो. ने सौंपा ज्ञापन



**बंगलुरू/** विगत दिनों बंगलुरू में आयोजित एक मीटिंग के दौरान केन्द्रीय कपड़ा मंत्री श्री पियुष गोयल को विभिन्न समस्याओं को लेकर स्थानीय कपड़ा व्यापारियों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। इस संन्दर्भ में बैंगलोर होलसेल क्लॉथ मर्चेंट एसोएिशन के अध्यक्ष श्री प्रकाश पिरगल ने बताया कि स्थानीय सांसद श्री पीसी मोहन के साथ बैंगलोर में आयोजित सभा में हमनें केन्द्रीय कपड़ा मंत्री से मुलाकात कर कपड़ा व्यवसाय की समस्याओं से अवगत कराया। श्री पिरगल ने कहा कि कपड़े पर से प्रोफेशनल टेक्स हटाने तथा व्हेट तथा मेजरमेंट सिस्टम से कपड़े को बाहर करने के संन्दर्भ में ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही केन्द्रीय स्तर पर बनने वाली टेक्सटाइल कमेटी में भी प्रत्येक राज्य से प्रतिनिधि शामिल करने का अनुरोध किया। इन सभी मांगो पर केन्द्रीय मंत्री ने विचार करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर एसोसिएशन के सचिव श्री योगेश सेठ, सह-सचिव श्री गिरीश माकम, सदस्य श्री ललित सिंघवी, श्री मनोज जैन, श्री रवीन्द्र नाथ आदि ने मंत्री जी का स्वागत किया।








## आखा तीज और ईद की ग्राहकी से बाजार गुलजार

**उदयपुर/ नवीन कोठारी**

रमजान के शुरू दिनों में बाजार एकदम शान्त था। जैसे जैसे दिन निकलते गए और ईद नजदीक आती गई तथा इधर विवाह का अबूझ मुहूर्त आखातीज भी नजदीक आने लगी, वैसे वैसे वस्त्र बाजार की रौनक बढ़ती गयी। इन दिनों स्थानीय वस्त्र बाजार में दिनभर लोगों की आवाजाही रहने लगी है। स्थानीय ग्राहकों के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राहको से बाजार भरा नजर आने लगा है। एक वस्त्र विक्रेता से जानकारी चाहने पर बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले ग्राहक समूह में आते हैं, यहां तक कि - इस कारण जिस भी प्रतिष्ठान से इनके द्वारा खरीदी की जाती है, उस प्रतिष्ठान के बाहर तक एक ही समूह मौजूद दिखता है। अन्य ग्राहक उस प्रतिष्ठान से तब तक खरीदी नहीं कर सकता, जबतक पहला ग्राहक वस्त्र ना खरीद ले। ऐसी समस्या छोटे आकार के प्रतिष्ठानों पर ज्यादा रहती है। साड़ी, सलवार सूट, ड्रेस मटेरियल, शेजरी, रेडिमेड, शर्टिंग- सूटिंग, मेचिंग, तथा ग्रे क्लाथ आदि वस्त्र व्यापार में अच्छा उठाव देखने को मिल रहा है। रमजान के कारण जेण्ट्स कुर्ते-पायजामों की जबरदस्त डिमाण्ड है। साथ ही एम्ब्रॉयडरी वाले कुर्तो की बाजार में कई वैरायटियां उपलब्ध होने से ग्राहकों के मांग की पूर्ति बखूबी हो रही है।

## नई वस्त्रोद्योग नीति बहुत दूर

**कोल्हापुर/ राहुल खाड़े...** राज्य शासन की ओर से जाहिर किया जाने वाली नई वस्त्रोद्योग नीति को शासन ने समय बढ़ा दिया है। इससे पहले की नीति को राज्य शासन ने समय बढ़ाकर दिया है। इसके बारे में आदेश राज्य शासन के वस्त्रोद्योग विभाग की ओर से जारी किया है। ऐसे में कई समस्याओं का सामना कर रहा पॉवरलूम व्यवसाय को कुछ सहुलियत नहीं मिली। नई वस्त्रोद्योग नीति जाहिर होने तक समय बढ़ाकर दिया है, जिसके चलते नई वस्त्रोद्योग नीति कब जाहिर होगी, इसके बारे में अनिश्चितिता पैदा हुई है, जिससे पॉवरलूम उधमी अस्वस्थ हैं। इससे पहले राज्य शासन ने 2018 -23 के लिए वस्त्रोद्योग नीति जाहिर की थी। इसमें वस्त्रोद्योग बढ़ाने के लिए अलग अलग योजना जाहिर हुई थी, लेकिन इसमें पॉवरलूम उधमी छोड़कर बाकी सभी घटकों को मुनाफा हुआ था। विशेष तौर पर बिजली सहुलियत का लाभ सहकारी और निजी सूत गिरणी और सायझिंग उद्योग को हुआ था। उसके बाद नई वस्त्रोद्योग नीति जाहिर करने के लिए राज्य शासन की ओर से तज्ञ समिति का गठन किया था। इसमें इचलकरंजी से विधायक श्री प्रकाश आवाड़े, पूर्व विधायक श्री सुरेश हालवणकर, वस्त्रोद्योग महासंघ के अध्यक्ष श्री अशोक स्वामी आदि 21 सदस्य शामिल थे। वस्त्रोद्योग से जुड़े सभी घटकों की जानकारी लेकर दो माह में अपना अहवाल जाहीर करने के लिए समिति को समय दिया गया था। इस बात को तीन माह हुए, लेकिन ठोस कार्यवाही नहीं दिखाई दे रही है। इस समिति में वस्त्रोद्योग से जुड़े और लोगों को शामिल किया गया। दुसरी ओर पुराने वस्त्रोद्योग की नीति 31 मार्च को खत्म हुई। जिसके चलते इस नीति के तहत मिलने वाली सहुलियतें बंद तो नहीं होगी ऐसी स्थिति थी, लेकिन राज्य के वस्त्रोद्योग विभाग ने पुराने वस्त्रोद्योग नीति का समय बढ़ाने की घोषणा हुई है। ऐसे में नई वस्त्रोद्योग नीति कब जाहिर होगी इसके बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता। इससे वस्त्रोद्योग के अलग अलग घटकों को अगले समय में नियोजन के लिए समस्या पैदा हो सकती है। विशेष तौर पर पॉवरलूम उद्यमियों को नई वस्त्रोद्योग नीति की ओर से अपेक्षा है। पॉवरलूम उद्योग अब समस्या का सामना कर रहा है। ऐसे में इसको बूस्टर डोज की जरूरत है।

वस्त्रोद्योग मंत्री की घोषणा क्या हुई- वस्त्रोद्योग मंत्री श्री चंद्रकांत पाटील हफ्ताभर पहले इचलकरंजी में एक कार्यक्रम के लिए आए हुए थे। उस समय उन्होने कहा था अगले 15 दिनों में नई वस्त्रोद्योग नीति घोषित की जाएगी, लेकिन राज्य शासन की ओर से पूराने वस्त्रोद्योग नीति को समय बढ़ाकर दिया गया, जबकि इसको भी कुछ सीमित समय नही दिया गया है। इससे बड़ी संभ्रम की स्थिति है।

## मार्केट में सन्नाटा : ग्राहकी बिल्कुल नहीं

**मुरादाबाद/ आशाराम पालीवाल...** मुरादाबाद होलसेल कपड़ा मार्केट में एकदम सन्नाटा छाया हुआ है। ईद की ग्राहकी बिल्कुल फ्लॉप रही। थोड़ा बहुत सफेद कुर्ता पायजामा का कपड़ा बिका। सूट व सूटिंग्स की ईद पर कोई ग्राहकी नहीं रही। होलसेल कपड़ा मार्केट में व्यापारी बोल रहे हैं कि ऐसी फ्लॉप ईद ऐसी कभी नहीं हुई। इसका कुछ कारण यह भी है कि बिना मौसम के जो बारिश हुई, उससे किसानों की फसल बिल्कुल बेकार हो गई, किसानों को बहुत बड़ा नुकसान हुआ। मार्केट में इस समय ना तो काम है और ना ही पेमेन्ट आ रहा है। सभी होलसेलर व्यापारी परेशान हैं, पेमेन्ट की स्थिति बहुत खराब है। अब सभी व्यापारियों को उम्मीद है कि एक मई से विवाह शादियों का लग्न चालू होगा, तभी काम अच्छे से चलेगा।






## मई से है काम चलने की आस, अप्रैल नहीं रही ख़ास

**मुजफ्फरनगर/ अजय कुमार सिंघल**

मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, मेरठ सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश की अधिकांश वस्त्र मंडियों में अप्रैल में आशा अनुरूप काम काज नहीं हो पाए। लगन साया मुहूर्त, प्रमुख त्यौहार न होने का भारी असर देखने को मिला, रमजान और ईद की ग्राहकी बेहद चुनिंदा दुकानों तक सीमित होकर रह गई, वहां अमूमन प्रत्येक वर्ष 10 अप्रैल के आस पास लगभग 20 दिनों के लिए ग्रामीण क्षेत्रों का ग्राहक बाज़ार से मुंह मोड़ कर गेंहू की फ़सल कटाई मे लग जाता है, इस बार भी यही हुआ। उधर स्थानीय निकायों, नगर निगम, पालिकाओं, पंचायतों के चुनाव बिक्री पर भारी पड़े। थोक व्यापारियों को नीचे से पेमेंट की तंगी से भी आमतौर से लगातार जूझना पड़ रहा है, कुल मिलाकर हालत संघर्ष पूर्ण चल रहे हैं, किन्तु मई, जून में लगन साया मुहूर्त बहुत अच्छे हैं व भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए भी ग्रीष्म ऋतु के कॉटन बेस वस्त्रों की बिक्री भारी मात्रा में होने की प्रबल संभावनाएं, आशाएं हैं। मुजफ्फर नगर के प्रतिष्ठित वस्त्र व्यवसायी सर्व श्री इन्द्र सुनेजा, अजीत दीक्षित, विनोद डाबर, हितेष डाबर, संजीव गोयल, गुलाटी जी, रमन जलोत्रा, राकेश झांब,राजेश ग्रोवर, अमित सिंघल, अशोक छाबड़ा, व ब्रोकर घनश्याम पालीवाल, पवन बत्रा, के पी त्यागी, सुदर्शन खरबंदा, खन्ना जी के अनुमान के अनुसार आगे काम काज बढ़िया चलने वाले हैं।

## मीठी ईद बन गई फीकी

**बरेली/ राजीव अरोड़ा**

सुनकर आश्चर्य हो रहा होगा। जी हाँ! कपड़े के व्यापारी ही नहीं अपितु सभी व्यापार जगत में आश्चर्यजनक सन्नाटा छाया हुआ है। यू.पी. में चुनाव की तिथि की घोषणा हो चुकी है 4 मई और 11 मई को चुनाव नगर निगम के निश्चित हुए हैं। बरेली नगर निगम चुनाव 11 मई को होना है अत चुनाव के वातावरण में ग्रामीण क्षेत्रों में चुनाव में ही व्यस्त हैं। शहर में मेयर चुनाव और सभासद के लिये चुनाव में आजकल व्यापारी खाली बैठा है और राजनीतिक चर्चायें ही जोर पकड़ी हुई है। सुखसागर एजेन्सी के मालिक श्री पालीवाल जी ने बताया कि जो आज बाजार की स्थिति चल रही है, कल्पना से परे है। पेमेंट की स्थिति से अभी फिलहाल थोड़ा ही सुधार आया है। व्यापारी जो अच्छे हैं, वह खुद ही माल सीमित ले रहे हैं। होलसेल व्यापारियों से ज्ञात हुआ कि ऐसी ईद अपने 40 साल के कार्यकाल में नहीं देखी। पहले ईद में व्यस्त रहते थे, किन्तु अब समय ही नहीं कटता।

## मौसम में गर्मी और व्यापार बिलकुल ठंडा

**पानीपत/ प्रिंस शर्मा**

इस वक्त पानीपत हैंडलूम बाजार का यही हाल है, पानीपत का व्यापार दिन प्रतिदिन ठंडा होता जा रहा है। हैंडलूम और टेक्सटाइल व्यापारियों का कहना है कि मौसम का कुछ पता नहीं। मौसम भी अब एक ग्राहक की तरह हो गया है, जिस प्रकार एक व्यापारी को नहीं मालूम होता कि कब ग्राहक आ जाए, उसी प्रकार मौसम का नहीं पता होता कि कब खराब हो जाए। लोगों के मन में एक खुशी है कि व्यापार शुरू हो जाएगा। ईद आने वाली है, परंतु दूसरी तरफ सरकार की गाइडलाइन के अनुसार कोरोना भी आ सकता है। पानीपत हैंडलूम व्यापार सिर्फ और सिर्फ भगवान के भरोसे ही चल रहा है।

## एस. के. इण्डिया





**भीलवाड़ा**

स्थानीय वस्त्र मण्डी में विगत 25 वर्षों से सूटिंग सेगमेण्ट में व्यापार कर रही कम्पनी एस.के. इण्डिया एक जाना पहचाना नाम है। कम्पनी के डायरेक्टर श्री अजय चपलोत व उनके पुत्र श्री महेन्द्र चपलोत की कर्तव्य निष्ठा व मेल-जोल की प्रवृति से आज व्यापार नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर है। श्री चपलोत ने बताया कि उनके यहाँ सुटिंग में हल्की व मिडियम रेन्ज बनती है, जो कि पूर्णतः जॉब पर कपड़ा बनाकर मैन्यूफेक्चर करती है। कम्पनी डीएमएस प्रमुखता से बनाती है तथा कम्पनी का विपणन ऑल ओवर इण्डिया है।


## स्वीतु टेक्सटाइल

भीलवाड़ा/ स्थानीय वस्त्र मण्डी में विगत 2002 से विभिन्न सेगमेण्ट में मैन्यूफेक्चर कर रही कम्पनी स्वीतु टेक्सटाइल सफलता के पायदान में अग्रेषित कम्पनी है। कम्पनी के डायरेक्टर श्री राजेश बापना, श्री संजय बापना व पुत्र श्री हर्षित बापना के कठिन मेहनत, ईमानदारी व व्यापारियों में विश्वास से आज सफलता के शिखर पर है। श्री बापना ने बताया कि कम्पनी सेन्टोलीन मार्को से अपने उत्पाद विपणन कर रही है। स्कूल ड्रेस, डीएमएस 2/18, 2/30 व अन्य विभिन्न क्वालिटियों में कपड़ा बना रही है। कम्पनी में मार्केटिंग पूरे भारत वर्ष में है।











## आंधी पानी ओले पड़ने से किसान मायूस

**सतना/ बलराम शुक्ला**

बाजार होलाष्टक लगने के बाद रौनक कम हो गई, क्योंकि पूरे अप्रैल मे वैवाहिक मुहूर्त नहीं हैं। हालांकि थोक वस्त्र व्यवसायी खरीदी करने के लिए देशावर निकल रहे हैं। वैवाहिक सीजन लेट होने के कारण आराम से खरीदी कर रहे हैं। सप्लायरों का आवागमन शुरू हो गया है व उनके आने से काम हो रहा है। जानकार व्यापारियों का कहना है व्यापार अच्छा चलने की उम्मीद है, लेकिन विगत सप्ताह मे तीन बार भयंकर आंधी तूफान बरसात हुई है और सबसे ज्यादा नुकसान ओले गिरने से हुआ है, जिससे पकी हुई खड़ी फसल बरबाद हो गयी है। फसल खेत में गिर गई है, दलहन तिलहन की फसल पूरी तरह खराब हो गई है, गेहूं की फसल को कुछ क्षेत्रों में ज्यादा नुकसान है। मध्यप्रदेश सरकार ने सर्वे कराकर उचित मुवावजा देने का एलान किया है। सरकार का कहना है कि अन्नदाता हमारे प्राण हैं, इनके नुकसान की मध्यप्रदेश शासन पूरी भरपाई करेगी। किसान को मौसम खुलने का इंतजार है, उसके बाद ही मालूम पड़ेगा कि कितना नुकसान है। अभी व्यापारी क्लोथिंग में लगा हुआ है। व्यापार शून्य है, पैसों की आवक बिल्कुल नहीं है।

## बाजार में शानदार ग्राहकी

**कोयम्बटूर/ सुनील कोठारी**

मार्च महिने में ग्राहकी लगभग ना के बराबर थी। अप्रैल के पहले सप्ताह में बाजार में काफी हलचल देखी गई। रमजान की खरीद्दारों की भीड़ अच्छी खासी है ,और यह आगे सप्ताह-10 दिन और रहेगी। यहां पर स्थानीय तमिल नववर्ष 'चित्रकणी' त्यौहार की भी बाजार में अच्छी खासी भीड़ है। आगे दो-तीन महिने स्कूल यूनिफॉर्म का कार्य करने वाले कारोबारियों के यहां हलचल रहने की उम्मीद है। फिलहाल ट्रांसपोर्ट में माल के आवागमन को देखते हुए लगता है कि स्कूल के कारोबारियों ने अच्छी खासी तैयारी की है।

## आगामी वैवाहिक सीजन हेतु यशवी क्रिएशन का नया डवपलमेण्ट बाजार में




मुम्बई/ आज के परिप्रेक्ष में हर उत्पादनकर्त्ता के पास नया डवपलमेण्ट बाजार में देखने के मिल रहा है, इससे बाजार की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। क्वालिटीयुक्त फैब्रिक बाजार में वाजिब दाम पर उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसमें यशवी क्रिएशन निरन्तर बाजार में अपने पाँव पसार रही है। कम्पनी अपने ब्राण्ड ''नेचुरल लिनन'' के अन्तर्गत बड़े पैमाने पर कार्य कर रही है, जिसमें कुर्ते फैब्रिक एवं शर्टिंग फैब्रिक में अनेक प्रकार की क्वालिटी में विभिन्न वैरायटियों का उत्पादन कर रही है। कम्पनी के डायरेक्टर श्री संजय मिठानी ने बताया कि इस वर्ष सीजन बहुत अच्छा रहा है। वैवाहिक सीजन हेतु बुकिंग जबरदस्त मिल रही है। इस वर्ष गारमेण्ट सेक्टर में हमारे द्वारा उत्पादित फैब्रिक की डिमाण्ड बहुत अच्छी रही है।

श्री मिठानी ने बताया कि आगामी सीजन हेतु हमारे द्वारा अनेक डवपलमेण्ट पेश किए जा रहे हैं, जिसमें अनेक प्रकार की क्वालिटियों में विभिन्न कलर रेंज डवलपमेण्ट की जा रही है। पिछले सीजन से मिली अपार सफलता के बाद कम्पनी की सम्पूर्ण मेनेजमेण्ट टीम उत्साह के साथ आगे बढ़ते हुए हर राज्य में एजेण्ट एवं डीलर्स नियुक्त करते हुए, अपने पाँव पसारते हुए आगे बढ़ती जा रही है।

**नये डवपलमेण्ट**

श्री मिठानी ने बताया कि 58'' शर्टिंग फैब्रिक में कॉटन, प्लेन, पीस डाइड, प्रिण्ट, विस्कॉस आदि में अनेक क्वालिटी अलग-अलग कलर चार्ट में तैयार कर बाजार में पेश किए जा रहे हैं, जिसे अपार सफलता मिल रही है। कम्पनी कुर्ते की रेंज पर फौकस करते टॉप डाइड पीस डांइग व फैन्सी धागों से निर्मित फैब्रिक, प्रिण्ट वेल्यू एडिशन व विस्कोस की विस्तृत रेंज पेश कर रही है।

# देश के कॉटन स्पिनिंग उद्योग की लाभप्रदता में सुधार के अनुमान

**नई दिल्ली/** हालांकि चालू वित्त वर्ष के दौरान देश के कॉटन स्पिनिंग उद्योग का राजस्व कम होने की आशंका है लेकिन उद्योग की लाभप्रदता में सुधार के अनुमान हैं, जबकि हाल ही में समाप्त हुए वर्ष में इसमें कमी आई थी। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की एक रिपोर्ट के अनुसार कॉटन स्पिनिंग उद्योग की परिचालन लाभप्रदता (प्रोफिटएबिलिटी)100 बेसिस अंक बढ़कर 11-12 प्रतिशत हो सकती है, हालांकि स्थिर निर्यात के कारण राजस्व में गत वर्ष की तुलना में 10-12 प्रतिशत तक की गिरावट की आशंका है। बहरहाल, अनुमानित लाभप्रदता कोविड से पूर्व की तुलना में कम रहेगी। उल्लेखनीय है कि हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2020-23 लाभप्रदता में 600-700 बेसिस अंकों की गिरावट आई है। एजेंसी का का कहना है कि कॉटन स्पिनिंग उद्योग की वित्तीय स्थिति स्थिर रहने का अनुमान है, क्योंकि गत कुछ वर्षों के दौरान पूंजीगत व्यय कम रहा तथा चालू वर्ष में परिचालन लाभदायकता में सुधार होगा। रेटिंग एजेंसी ने यह निष्कर्ष देश की 101 कॉटन स्पिनिंग युनिटों का अध्ययन करने बाद निकाला है। उल्लेखनीय है कि इन 101 स्पिनिंग मिलों का देश की कुल स्पिनिंग मिलों की लगभग 35 प्रतिशत हिस्सेदारी है। एजेंसी का कहना है कि गत वित्त वर्ष के दौरान क्षमता के उपयोग में सुधार, घरेलू और निर्यात कारोबार में सुधार से चालू वित्त वर्ष में यार्न स्पिनर्स की लाभप्रदता में सुधार होगा। फरवरी-मार्च में 2022 में कॉटन के भाव बढ़ने आरंभ हो गए थे तथा मई-जून 2022 में उच्चतम स्तर छू गए थे, लेकिन कॉटन की मांग बराबर बनी रही और चालू वित्त वर्ष में भी कॉटन की मांग में 4-5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है क्योंकि देश में रेडीमेड गारमेंट की मांग मजबूत बने रहने के आसार हैं। इसका कहना है कि विश्व बाजार में मंदी के कारण रेडीमेड गारमेंट की कमजोर मांग कम रह जाने की आशंका है और इससे विश्व में कॉटन यार्न की खपत में 25 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। बहरहाल, भारत से रेडीमेड गारमेंट की मांग बने रहने का अनुमान है। अमेरिका द्वारा चीन के एक प्रान्त से कॉटन के निर्यात पर प्रतिबंध लगाए जाने से भी भारत से कॉटन यार्न का निर्यात अधिक होगा। एजेंसी का कहना है कि गत वर्ष देश से कॉटन यार्न के निर्यात में कमी आई थी, लेकिन चालू वित्त वर्ष में इसमें 3-5 प्रतिशत की बढ़ोतरी का तथा कॉटन स्पिनिंग मिलों की वित्तीय स्थिति स्थिर रहने का अनुमान है। बहरहाल, अमेरिका द्वारा चीन के जिनयिांग क्षेत्र से कॉटन के आयात पर प्रतिबंध हटाने और घरेलू बाजार में कॉटन के भाव में तेजी का ध्यान में रखना होगा। दूसरी ओर, घरेलू बाजार में कॉटन के भाव गिर कर विश्व बाजार की तुलना में नीचे आ जाते हैं, तो यह घरेलू उद्योग के लिए लाभ का सौदा होगा क्योंकि तब भारतीय स्पिनर प्रतिस्पर्धक भाव पर कॉटन यार्न क्रय कर सकेंगे।

## बाजार में ग्राहकी जोरों पर

**ब्यावर/ अनिल डोसी**

आगामी रमजान और आखातीज के लगन के कारण बाजार में अच्छी ग्राहकी चल रही है। इसके बाद भी विवाह लगन है, तो उम्मीद है कि ग्राहकी चलती रहेगी। इसके बाद स्कूल खुलने से ड्रेस वालों के यहां ग्राहकी अच्छी रहने की उम्मीद है। कपड़ों में लगभग सभी वैराइटियां चल रही है। पेमेण्ट की आवक भी ठीक बनी हुई है।



















# ‘गुजरात चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री’ द्वारा आयोजित टेक्सटाइल लीडरशिप कॉन्क्लेव-2023 ऐतिहासिक सफल




### भारत को ग्लोबल टेक्सटाइल हब बनाने में गुजरात सबसे आगे रहेगा

**-श्री भूपेंद्र भाई पटेल (मुख्यमंत्री गुजरात)**

टेक्सटाइल लीडरशिप कॉन्क्लेव-2023 में मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए गुजरात राज्य के मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र भाई पटेल ने कहा कि भारत को ग्लोबल टेक्सटाइल हब बनाने के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संकल्प में योगदान देने में गुजरात का टेक्सटाइल उद्योग सबसे आगे रहेगा। देश के कुल कपास उत्पादन का 30 फ़ीसदी अकेले गुजरात में होता है। यही नहीं टेक्सटाइल उत्पादन में भी 25 फ़ीसदी से ज्यादा योगदान गुजरात का है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने GCCI द्वारा बनाई जा रही डिजिटल टेक्सटाइल डायरेक्ट्री की भी शुरुआत की।









**अहमदाबाद/सत्यप्रकाश....** विगत 8 अप्रैल 2023 को गुजरात चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री (GCCI) द्वारा अहमदाबाद स्थित क्लब 07 में ‘टेक्सटाइल लीडरशिप कॉन्क्लेव’ के दूसरे संस्करण का भव्य आयोजन किया गया, जो ऐतिहासिक सफल रहा। गुजरात राज्य के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्रभाई पटेल एवं केन्द्रीय टेक्सटाइल राज्य मंत्री श्रीमती दर्शनाबेन जरदोश के मुख्य आतिथ्य में टेक्सटाइल लीडरशिप कॉन्क्लेव 2023 में टेक्सटाइल सेक्टर के जाने माने सफल उद्योगपतियों ने अपनी सफल व्यावसायिक यात्रा के अनुभव आमंत्रित सैकड़ों कपड़ा उद्यमियों एवं ट्रेडर्स के समक्ष साझा किए। कॉन्क्लेव में GCCI की तरफ से देश के लीडिंग एसोसिएशंस को आमंत्रित किया गया था। इस मंच के माध्यम से GCCI की टीम ने साझा मंच तैयार कर टेक्सटाइल उद्योग की समस्याओं से सरकार को अवगत कराने के लिए टेक्सटाइल इंटरएक्टिव मीटिंग भी आयोजित की।

## टेक्सटाइल लीडरशिप कॉन्क्लेव-2023 में भारतीय टेक्सटाइल उद्योग के भविष्य को लेकर हुई अहम चर्चा

टेक्सटाइल लीडरशिप कॉन्क्लेव-2023 के दूसरे सेशन में सफल टेक्सटाइल उद्यमियों ने अपने विचार इस मंच के माध्यम से आमंत्रित टेक्सटाइल उद्यमियों एवं व्यापारियों के समक्ष रखे। GCCI ने इस कॉन्क्लेव के माध्यम से टेक्सटाइल सेक्टर में हो रहे अहम बदलाव एवं वैश्विक प्रतिस्पर्द्धा में भारत की भूमिका पर अहम चर्चा करवाई, जिसका फायदा निकट भविष्य में देश की टेक्सटाइल इण्डस्ट्री को अवश्य मिलेगा। कॉन्क्लेव में भारत की प्रसिद्ध टेक्सटाइल मिल अरविंद लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री कुलीन लाल भाई, सिटिजन अंब्रेला मैन्यू. लि. के डायरेक्टर श्री संतोष बांठिया, टेक्नोक्राफ्ट इण्डस्ट्रीज के चैयरमेन श्री शरद सराफ, टी.टी. लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री संजय जैन, वजीर एडवाइजर्स प्रा.लि. के जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर श्री प्रशांत अग्रवाल एवं लुइस ड्रेफ्स कंपनी के श्री कुशाल शाह ने विशाल संख्या में उपस्थित टेक्सटाइल उद्यमियों के समक्ष अपनी सफल व्यावसायिक यात्रा की कहानी बयाँ की।



### भारतीय टेक्सटाइल संभावनाओं से भरपूर इंडस्ट्री

**-श्री कुलीन लाल भाई**

**एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, अरविन्द लि.**

‘टेक्सटाइल लीडरशिप कॉन्क्लेव-2023’ में मुख्य वक्ता के तौर पर आमंत्रित अरविंद लि. के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री कुलीन लाल भाई ने अपनी कंपनी के 120 वर्षों के गौरवशाली सफर के बारे में बताते हुए कहा कि भारतीय टेक्सटाइल इंडस्ट्री में अरविंद लि. विभिन्न तरह के टेक्सटाइल उत्पादन में गुणवत्ता को सर्वोपरि मानते हुए फैशन एवं क्वालिटी का सामंजस्य बिठाकर देश दुनिया की जरूरत के हिसाब से फैब्रिक एवं गारमेंट्स का उत्पादन कर रही है। उन्होंने कहा कि अरविंद लि. आज 300 मिलियन मीटर कपड़ा उत्पादन कर रही है। साथ ही अपैरल उत्पादन में भी कंपनी भारत का नाम दुनिया भर में रोशन कर रही है। श्री कुलीन लाल भाई ने आगे कहा कि टेक्सटाइल में भारत का भविष्य बेहद उज्जवल है, बस हमें वैश्विक प्रतिस्पर्धा में टिके रहने के लिए फोरकास्ट फैशन पर अपना ध्यान केंद्रित करते हुए डिजिटल ट्रेड एवं स्मार्ट वर्क पर फोकस करना होगा। मेरे हिसाब से इस समय भारत का अमृत काल चल रहा है, और इस दौर में भारत के लिए टेक्सटाइल सेक्टर में अपार संभावनाएं मौजूद है जिसका फायदा हमारे एंगस्टर को जरूर उठाना चाहिए।



श्री पथिक पटवारी

## भारतीय अर्थव्यवस्था में टेक्सटाइल सेक्टर का अहम योगदान

गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष श्री पथिक पटवारी ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में सहयोग एवं रोजगार देने में टेक्सटाइल उद्योग का अहम योगदान है। कपड़ा उद्यमियों एवं सरकार के बीच संवाद को आसान बनाने के लिए GCCI का लगातार प्रयास रहा है।

## केंद्रीय टेक्सटाइल राज्य मंत्री श्रीमती दर्शनाबेन जरदोश से सीधा संवाद






कॉन्क्लेव के दौरान केन्द्रीय टेक्सटाइल राज्य मंत्री श्रीमती दर्शनाबेन जरदोश के आतिथ्य में टेक्सटाइल इंटरएक्टिव मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें एसोसिएशंस के प्रतिनिधियों ने अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं से केन्द्रीय मंत्री को अवगत कराया। अधिकतर एसोसिएशंस के प्रतिनिधियों ने टेक्सटाइल उद्योग के विकास के लिए लागु स्कीम टफ को जारी रखने की अपील की तथा देशभर में 7 टेक्सटाइल पार्क की स्थापना करने के लिए बधाई दी। इंटरैक्टिव मीटिंग में केंद्रीय मंत्री ने खुलकर टेक्सटाइल इंडस्ट्री के विकास के लिए हर संभव मदद का भरोसा देते हुए कहा कि टफ स्कीम बहुत पुरानी हो चुकी है। इसमें कई तरह कमियां होने के कारण अब इसकी जगह नई स्कीम की घोषणा नए नाम से शीघ्र की जाएगी। उन्होंने कहा कि देशभर के एसोसिएशन की एक ही जगह पर उपस्थिति के लिए GCCI का आभार प्रकट करती हूँ। कॉन्क्लेव के प्रथम सेशन में आयोजित इस इंटरएक्टिव मीटिंग में मस्कती क्लॉथ मार्केट महाजन, टेक्सप्रोसिल,पीडेक्सिल, एसआरटीइपीसी, एचईपीसी, एसोचेम, इचलकरंजी पावरलूम वीवर्स एसोसिएशन, भिवंडी पावरलूम एसोसिएशन, इटमा सहित 78 एसोसिएशंस के प्रमुख उपस्थित रहे तथा मीटिंग में अपनी बात रखी।

## टेक्सटाइल टास्क फोर्स का रहा विशेष सहयोग



श्री सौरिन पारीख



श्री राहुल शाह



श्री संदीप शाह



श्री गौरांग भगत

टेक्सटाइल लीडरशिप कॉन्क्लेव-2023 के सफल आयोजन में अहम भूमिका निभाने वाली GCCI की टेक्सटाइल टास्क फोर्स के चेयरमैन श्री सौरिन पारीख ने टेक्सटाइल उद्योग से जुड़े लंबित मामलों को सुलझाने एवं नवसारी में मेगा टेक्सटाइल पार्क का लोकार्पण समेत मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि हमें कॉटन के साथ-साथ मैन मेड फाइबर के प्रोडक्शन बढ़ाने पर भी जोर देना होगा।

टेक्सटाइल टास्क फोर्स के को-चेयरमैन श्री राहुल शाह ने कहा कि देश के लीडिंग 78 एसोसिएशन को एक मंच पर लाकर टेक्सटाइल इंडस्ट्री के कॉमन मुद्दों से सरकार को अवगत कराया। वही कॉन्क्लेव कि दूसरे संस्करण में इंडस्ट्री के फायदे के लिए देश दुनिया में भारतीय टेक्सटाइल इंडस्ट्री की स्थिति एवं भविष्य पर प्रसिद्ध टेक्सटाइल उद्यमियों एवं सलाहकारों ने अपने विचार साझा किए। इसी तरह को-चेयरमैन श्री संदीप शाह ने बताया कि देश में टेक्सटाइल संगठनों का भी एक संगठन बने, जिससे जब भी सरकार से संवाद कायम करना हो तब एक ही लेटर हेड पर सभी की सहमति से लेटर लिखा जा सकता हैं। इसके अलावा टेक्सटाइल सेक्टर के अहम मुद्दों पर प्रभावी चर्चा हुई। टेक्सटाइल टास्क फोर्स के सदस्य एवं मस्कती क्लॉथ मार्केट महाजन के प्रेसिडेंट श्री गौरांग भगत ने कहा कि टेक्सटाइल लीडरशिप कॉन्क्लेव-2023 ऐतिहासिक सफल रही। देशभर के लीडिंग एसोसिएशन के प्रमुखों एवं सैकड़ों टेक्सटाइल उद्यमियों तथा ट्रेडर्स की उपस्थिति रही। इस कॉन्क्लेव से नई जनरेशन के उद्यमियों को नई दिशा तथा अपना लक्ष्य संधान करने में भी मदद मिलेगी। श्री भगत ने GCCI चेयरमैन श्री पथिक पटवारी एवं उनकी टीम को कॉन्क्लेव की ऐतिहासिक सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा कि टेक्सटाइल इंडस्ट्री के विकास एवं प्रतिस्पर्धा में टिके रहने के लिए इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिए।



श्री संतोष बाठियाँ



श्री शरद सराफ



श्री संजय जैन



श्री कुणाल शाह



श्री प्रशांत अग्रवाल





# उत्पादन को लगे पंख, सभी तरह के उत्पादों की शानदार मांग

बालोतरा/ लालचन्द पुनीत

उत्पादन में गति का संचार स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है। मौसम की प्रतिकूलता में कभी आँधी, कभी बादल और कभी बूंदा बांदी के परिणाम स्वरूप अवरोध उभरते हैं, तथापि कार्य प्रक्रिया को मंजिल मिल रही है। भगवान भास्कर की तप्त किरणों से वस्त्र रंगाई छपाई उद्योग को उत्पादन में सहजता का आभास हो रहा है। ग्रे क्लोथ में पूर्ववर्ती मन्दी की हवा अब नहीं रही है। तेजी की संम्भावना को बल मिल रहा है। ग्रे में शनैः शनैः तेजी दृष्टिगोचर हो रही है, इसमें विराम लगने की सम्भावना इन परिस्थितियों में प्रतीत नहीं हो रही है। पोपलीन की मांग में इजाफे से संतुष्टि परम वातावरण बन गया है। नाईटी क्लोथ की लेवाली को भी पंख लगने प्रारम्भ हो गये हैं। इसमें भारी माल की मांग तो नियमित रही, मगर अब सामान्य नाईटी की चालानी को बल मिल रहा है। रूबिया के लिये गर्मी का मौसल विशेष अनुकूल रहता है, जिस कारण से इसको भी अच्छा-खासा रिस्पोंस मिल रहा है। उत्सवों व त्यौहारों के साथ विशेष अवसरों पर साड़ी-फॉल व पेटीकोट के कार्य में मांग से अच्छा प्रतिफल मिल रहा है। सिंथेटिक वस्त्रों की कई क्वालिटीज का रूतबा बरकरार है। पोकेटिंग क्लोथ की विशेष डिमाण्ड तैयार माल की है। समग्र रूप से देखा जाय तो गारमेन्ट के क्षेत्र में कई उद्यमी अच्छा और स्तरीय कार्य कर रहे हैं, जिससे लगता है कि निकट भविष्य में यह क्षेत्र गारमेन्ट उत्पादन की दृष्टि से बड़ा हब रूप में परिवर्तित हो जाएगा। बालोतरा के कारण औद्योगिक चहुँमुखी विकास होगा। सरकार ने इस क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण में जागरूकता के साथ योगदान दिया तो यह क्षेत्र आदर्श रूप देश के मानचित्र पर अंकित होगा। बालोतरा प्रदूषण निवारक एवं नियंत्रक ट्रस्ट के प्रयास सफल रहे, तो उत्पादक को अभी अपना क्षमता के उपयोग की सहमति मिल सकेगी। इससे उत्पादन में जहाँ वृद्धि होगी, वहीं पर मीटर कोस्ट भी प्रभावित होगी। माना कि यहाँ बेरोजगारी नहीं हैं, फिर भी श्रम की लागत देशभर की तुलना में सर्वाधिक है। कुशल श्रमिकों के अभाव का खामियाजा उत्पादकों को भुगतना पड़ रहा है। इसका एक महत्वपूर्ण कारण यह है कि कुशल श्रमिक जब परिपक्व हो जाते हैं तो वे स्वयं का उत्पादन प्रारम्भ कर देते हैं। इस क्षेत्र की विशेषता है कि कई आरम्भिक तौर पर जो श्रमिक रहे, वे आज स्वयं का उद्योग स्थापित कर लोगों को काम दे रहे हैं। इस बात में सत्यता है कि यहाँ उद्योग लगाना सहज नहीं है तथापि हिम्मत और हौसलों के आधार पर नित प्रति नये उद्योग लग रहे हैं। विस्तार की दृष्टि से नई मशीनों आदि के लगने से यह लगता है कि इस क्षेत्र के उद्योगों का भविष्य आशाओं से भरा हुआ उज्ज्वल है। भगवान महावीर जन्म कल्याणक, राम नवमी के उत्सवों ने नई सरंचना को स्थापित किया। विभिन्न सगंठनों ने भारत रत्न बाबा साहब / भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती को उत्साह व आदर्शों के अर्ध्य से ऐतिहासिक बनाया। बाबा रामदेव के लोक देवता के रूप में नगर परिषद के सभापति श्रीमति सुमित्रा देवी ने कथा प्रसंग आयोजित कर विशिष्ठ सेवा प्रदाताओं को सम्मानित कर एक स्वस्थ परम्परा को प्रतिस्थापित किया। नगर परिषद आयुक्त श्री शिवपाल सिंह के अनुसार इस बार सेस कर का ठेका सर्वाधिक रूपये चार करोड़ इक्कीस लाख अठ्ठासी हजार आठ सो अठ्ठासी में मे.आर्यन एसोसियेट्स को मिला। इस बिड में पाँच फर्मो ने भाग लिया। इस बार की बोली सर्वाधिक होने से जल प्रदूषण नियंत्रक एवं निवारक ट्रस्ट के साथ नगर परिषद बालोतरा को अच्छी आय प्राप्त होगी। इन दिनों जैन धर्मांवालम्बियों के वर्षीतप प्रसंग में अनेक धार्मिक आयोजन सम्पन्न हो रहे हैं। युवाओं का उत्साह प्रेरक बन रहा है।









# सम्पादकीय....

## महंगाई में राहत संकेत

पिछले छह महिनों से थोक महंगाई एक अंक में बनी हुई है, नहीं तो पिछले साल मार्च में यह 14.63 प्रतिशत थी। महंगाई की दर में लगातार कमी दर्ज होने से निस्संदेह लोगों ने राहत की सांस ली है। थोक महंगाई दर उनतीस महिनों के निचले स्तर 1.34 पर पहुंच गई है। हालांकि कुछ खाद्य वस्तुओं की कीमतों में महंगाई अब भी काबू से बाहर नजर आ रही है, मगर खुदरा महंगाई भी रिजर्व बैंक द्वारा तय ऊपरी छह फीसद के स्तर से नीचे उतर कर 5.66 प्रतिशत पर आ गई है।

पिछले छह महिनों से थोक महंगाई एक अंक में बनी हुई है, नहीं तो पिछले साल मार्च में यह 14.63 प्रतिशत पर थी। बताया जा रहा है कि थोक महंगाई में यह गिरावट विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में कमी की वजह से आई है। खासकर कपड़ा उत्पादन और धातुओं की कीमतों में गिरावट दर्ज हुई है। कीमतों में आई इस कमी की एक वजह ईंधन के दाम में कमी भी बताई जा रही है।

पिछले कई महिनों से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें ऊपर का रुख किए हुई थीं और युद्ध की वजह से आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान आने के चलते इन पर काबू पाना कठिन बना हुआ था। पिछले दिनों पेट्रोल-डीजल और गैस की कीमतों में कमी की गई। स्वाभाविक ही इसका असर वस्तुओं की कीमतों पर भी पड़ा।

हालांकि खाद्य वस्तुओं की कीमतों में अपेक्षित कमी न आ पाने की वजह से चिंता अभी समाप्त नहीं हुई है। दरअसल, रिजर्व बैंक खुदरा महंगाई पर ही नजर रखता है और उसी के अनुरूप अपनी ब्याज दरों में बदलाव का फैसला करता है। पिछली मौद्रिक नीति में उसने रेपो दरों में कोई बदलाव इसीलिए नहीं किया कि उसे यकीन था कि महंगाई का रुख नीचे की तरफ होगा।


उसका अनुमान सही साबित हुआ है। मगर अब भी दूध, फल और सब्जियों के दाम आम लोगों की जेब पर बोझ डाल रहे हैं, तो इस दिशा में सोचने की जरूरत है। गेहूं, मोटे अनाज और धान जैसे अनाज की कीमतें कुछ टूटी हैं, मगर जिस तरह मौसम का मिजाज बदल रहा है और गेहूं की कटाई के समय ही देश भर में तेज हवाओं, बारिश और ओलावृष्टि ने फसलों को चौपट किया, उससे आने वाले दिनों में कीमतों का रुख यही बना रहेगा, कहना मुश्किल है। फिर महंगाई के आंकड़े थोक मूल्य सूचकांक के मुताबिक आंके जाते हैं, जबकि दुकानों पर इसका असर वैसा नहीं देखा जाता। इसलिए भी वास्तविक उपभोक्ता पर इस घटी हुई दर का कितना असर हुआ है, कहना मुश्किल है।

हालांकि महंगाई में गिरावट का यह रुख राहत देने वाला है। थोक महंगाई उतर कर डेढ़ फीसद से भी कम पर पहुंच गई, तो इससे जाहिर है कि औद्योगिक उत्पादन में तेजी आ रही है। अभी तक उद्योगों में सुस्ती का आलम था और बाजार में अपेक्षित खपत न हो पाने की वजह से उनमें उत्साह पैदा नहीं हो पा रहा था। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में संकुचन देखा जा रहा है।

इसलिए निर्यात की दर लगातार घट रही है। यानी भारी उद्योगों को अपना उत्पादन घरेलू बाजार में खपाना पड़ रहा है। इससे भी थोक महंगाई की दर में लगातार कमी देखी जा रही है। हालांकि महंगाई काबू में रहती है, तो अर्थव्यवस्था के मजबूत होने का भरोसा बढ़ता है, मगर अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मंदी की छाया घिरी होने की वजह से अगर भारी उद्योगों की उत्पादन दर में तेजी नहीं आ पा रही है, तो महंगाई टूटने के बावजूद अर्थव्यवस्था में मजबूती का दावा करना मुश्किल बना हुआ है।

# कुछ नया, कुछ अलग •

## उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्...



श्री हरेश मेहता
प्रेसीडेन्ट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरू)

**अयं निजः परो वेति गणना लघुचेतसाम् ।**
**उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्।**

अर्थात यह मेरा है, यह दूसरे का है - ऐसी सोच संकुचित हृदय वाले व्यक्ति रखते हैं। उदार मन वाले लोगों के लिए तो यह पूरी धरती ही एक परिवार के समान है।

यह सुभाषित हम सालों से सुनते आ रहे हैं, लेकिन लोग वसुधैव कुटुम्बकम् की बातें करते हैं, लेकिन वास्तव में बहुत ही संकीर्ण विचार को अपने भीतर पालते है। उदारता जैसे मूल्यों का नाम आजकल किताबों में ही रह गया है। उदारता एक अवस्था नहीं है, लेकिन भाव है। हम अपने परिवार में, अपनी ऑफिस में भी आजकल कम उदार व्यवहार देखते हैं। व्यवहार में जो आदर और समर्पण भाव आता है, वो ही उदारता है। उदार होने का मतलब है, समुद्र जैसे बड़े मन से दूसरों को समझना और उनकी भावनाओं का आदर करना।

हम सभी प्रकृति का एक हिस्सा है। एक चींटी से लेकर मनुष्य तक समभाव और सद्भाव ही उदारता का सार्थक स्वरूप है। हमें अपने मन से सभी का आदर करना चाहिए और इसके साथ-साथ अवश्य ही उदारता का गुण रखें। हम अभी तक, सिर्फ आगे की ओर देखते हुए, अपने उज्जवल भविष्य, अपने संतानों के भविष्य और एक बेहतर जिंदगी के लिए विश्वास और मेहनत की दौड़ दौड़ते आए हैं। अब हमें अपने विश्वास और मेहनत के साथ अपने व्यवहार में उदार मन भी लाना है, अपने स्वजनों के प्रति, अपने आसपास के व्यक्तियों के प्रति, अपने कर्मचारियों के प्रति और हर एक जीव के प्रति। मातृभाषा गुजराती के हमारे बड़े प्रसिद्ध देहाती कवि काग बापु की एक कविता है - 'झाडवू पोते रे, पोताना फल नथी खातू, उपकारी एनो आतमो' अर्थात पेड़ कभी स्वयं अपना फल खाता नहीं है और अन्य जीवों को अपना फल देकर पोषित करता है क्योंकि यह उसका उदार स्वभाव है।

इसलिए अपने जीवन में उदारता एवं सत्कर्म के रास्ते पर चलना चाहिए। मानव धर्म में दया और सत्य ही सबसे बड़ा धर्म है। सब के साथ प्यार भावना के साथ रहना ही मानव धर्म में आता है। ईश्वर ने हमें मानव जन्म अच्छे कर्म करने के लिए दिया है। सत्कर्म के मार्ग पर चलने से जीवन बहुत अच्छे से व्यतीत होता है। सत्य के रास्ते पर चलने वाले व्यक्ति की हमेशा जीत होती है और उसे समय के साथ सफलता भी मिलती है, वो चाहे सामाजिक जीवन में हो या व्यावसायिक जीवन में। दया का असल मतलब है किसी की दिल से मदद करना, जिसको मदद की जरूरत है। किसी से गलती हो जाए तो उसे गलती का एहसास दिला कर उसे माफ कर देना और आगे बढ़ने की प्रेरणा देना।

हमारे व्यक्तित्व को ऊर्ध्व दिशा देने वाली कोई बात है तो वह है उदारता। उदारता ही प्रेम और संवेदनशीलता का परिशुद्ध रूप है। हमें किसी के दुःख में दुःखी और अन्य के सुख में सुखी होना चाहिए। न केवल हमारे स्वजन के साथ बल्कि वसुधा के हर एक व्यक्ति के साथ हमें यही भाव रखना चाहिए। उदार हृदय को अपने सुख दुःख की कभी चिंता नहीं रहती है। भगवान बुद्ध अपने दुःख के निवारण या सुख के लिए संसार का त्याग करके वन में नहीं निकले थे, उन्हें तो संसार का कल्याण करना था।

उदारता से मनुष्य की मानसिक शक्ति का विकास होता है। यह मेरा है यह तुम्हारा है संकीर्णता ऐसे विचार देती है। कई बार आपकी उदारता को लोग आपकी कमजोरी समझ लेते हैं, लेकिन कोई भी स्थिति आये हमें अपनी उदारता को अपने भीतर स्थान देना कभी छोड़ना नहीं चाहिए। स्वामी शरणानंदजी की एक बात मैंने पढ़ी थी। उसको आपके साथ साझा करके आज की मेरी यह बात को अल्प विराम देता हूँ।

प्रकृति के नियम के अनुसार सुख उदारता का और दुःख त्याग का पाठ पढ़ाने आता है। इतना ही नहीं, उदारता त्याग को पुष्ट करती है और त्याग उदारता को सुरक्षित रखता है। उदारता और त्याग को अपना लेने पर सुखियों और दुःखियों में वास्तविक एकता हो जाती है, जिसके होते ही समस्त संघर्ष अपने आप मिट जाते हैं। तब कोई वैर भाव शेष नहीं रहता।

Email: harresh.mehta@yashcotton.com | Mobile +91 82916-71111

# भूल ना जाना ०१९

RISHAB WORLD

## रानी अब्बाका चोवटा

(१५२५-१५७०)



दक्षिणी कर्नाटक में उल्लाल की निडर रानी, जिन्होंने जिन्होंने माइटी पोरटोगूस से अपने राज्य की सुरक्षा के लिए निरंतर संघर्ष किया।

वह पूर्व भारत की प्रथम महिला थी, जिसमें उपनिवेश के विरुद्ध युद्ध किया। इस प्रकार वे भारत की स्वतंत्रता की पहली महिला योद्धा बनी।

सांवले रंग व तीखे नाक नक्श वाली यह रानी चोवटा डिनास्टी की थी, जिस ने कर्नाटक के कोस्टल भाग पर 12वीं से 18 वीं सदी के बीच राज किया।

चोवटा ने दिगंबर जैन संप्रदाय का अनुगमन किया, जिससे उलाल के लिए अब्बका की ताजपोशी हुई और उसका विवाह मंगलौर के शासक लक्ष्मप्पा अरासा बंगा के साथ हुआ।

यह विवाह अधिक समय पोरतगुस की अधिक मांग के कारण नहीं चला। फलस्वरूप पोरतगुस ने रानी एबक्का पर आक्रमण कर दिया, जिसमें वह मारी गई और शासन का अंत हो गया।

तमिलनाडु में इस रानी को वहां की क्षेत्रीय गीतों में याद किया जाता है, जिसमें उसकी वीरता और उत्सर्ग का वर्णन होता है।

## इचलकरंजी पावरलूम मेगा क्लस्टर को मिलेगा विशाल प्रकल्प का दर्जा

कोल्हापुर/ राहुल खाड़े

इचलकरंजी पॉवरलूम मेगा क्लस्टर लिमिटेड इस प्रकल्प को सामुहिक प्रोत्साहन योजना के तहत विशाल प्रकल्प का देने का फैसला राज्य शासन ने लिया है। इसके लिए उद्योग विभाग के प्रधान सचिव की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति की स्थापना की गई।

इचलकरंजी पॉवरलूम मेगा क्लस्टर लिमिटेड इस प्रकल्प को विशाल प्रकल्प का दर्जा देने के लिए समिति का गठन करने का फैसला मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई उच्चाधिकार समिति ने लिया। उसके अनुसार आदेश निकाला गया। इस समिति में वस्त्रोद्योग विभाग के सचिव, उद्योग विभाग के विकास आयुक्त और जीएसटी आयुक्त को शामिल किया गया। इस प्रकल्प को वस्त्रोद्योग ने किए हुए मांगों के चलते अनुदान देना, सामुहिक प्रोत्साहन योजना के तहत विशाल प्रकल्प का दर्जा देना, उसके लिए संबंधित घटकों की ओर से जरुरी कागजात इकट्ठा करने के साथ वस्त्रोद्योग और उद्योग विभाग के समन्वय से 15 दिनों में उच्चाधिकार समिति को इसके बारे में अहवाल देने के आदेश दिए गए हैं।

# Yarn Rate+GST

यार्न रेट्स 20 अप्रैल, 2023

### C.T.M.

PH. 247511, 247512, 94141-12130

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 237 |
| 2/18 Dyed | 198 |
| 2/40 Dyed | 282 |
| 2/30 Frosted | 235 |
| 2/30 Dyed Slub | 237 |
| 2/30 School Dress Clourer | 237 |

### R.T.M

PH. 24766, 9829046404

| | |
|---|---|
| 2/30 Dyed Ntbl | 240 |
| 2/40 Dyed | 285 |
| 2/30 Frosted | 240 |

### Birla Tex Mills

| | |
|---|---|
| 2/18 Dyed | 200 |

### SRM Spinners

Mob. 8078660873

| | |
|---|---|
| 2/18 PV Diamond | 179 |
| 2/18 PV Navy 85:15 | 194 |
| 2/18 PV Black 70:30 | 184 |
| 2/18 R Navy 70:30 | 207 |
| 1/15 Poly Black | 134 |
| 20 PV Black | 173 |
| 15 PV Black | 172 |
| 2/18 S Navy 85:15 | 202 |

### GRASIM INDUSTRIES LTD.

PH. 247324, 93521-45544

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | 235 |
| 2/40 Dyed | 272 |
| 2/50 Dyed | 330 |

### PANIPAT YARN

Mob: 9416031498

| | |
|---|---|
| **TEXTURISE** | |
| 150 Roto Grey | 110-135 |
| 150 Roto Black | 105-147 |
| 150 Roto Bright | 118-138 |
| 150/250 Grey | 120-154 |
| 150/250 Dyed | 142-167 |
| 150 Fdy | 122 |
| **P.V. Yarn** | |
| 2/20 Grey CL | 136 |
| 2/40 POLY | 190 |
| 2/15 Poly Grey | 129 |
| 2/20 Poly CL | ----- |
| 20 Poly CL | 124 |
| **Cotton Yarn** | |
| 4 CONE | 55-92 |
| 6 CONE | 78-136 |
| 10 CONE | 91-172 |
| 2/4 CONE | 85-140 |
| 2/6 CONE | 81-155 |
| 2/8 CONE | 89-155 |
| 2/10 CONE | 104-216 |
| 2/20 CONE | 198-253 |
| 2/30 CONE | 285-364 |
| 2/40 CONE | 275-334 |
| **STAPLE YARN** | |
| 10 CONE | 197 |
| 15 CONE | 205 |
| 20 CONE | 212 |
| 2/15 CONE | 215 |
| 2/40 CONE | 275 |

### VISAKA IND. LTD.

PH. 93514-27900, 96604-14405

| | |
|---|---|
| 2/30 100% Polyester Gray | 185 |
| 2/30 65/35 Black | 245 |
| 2/30 65/35 Gray | 210 |
| 2/40 65/35 Black | 285 |
| 2/30 PV 65/35 Havy Dark Dyed | 260 |

### GORAKHPUR YARN PRAHALAD RAI & CO.

PH. 99358-27000

| | |
|---|---|
| **MAHABIR** | |
| 2/30 P/V | 164 |
| 2/40 P/V | ---- |
| 1/20 P/V | 156 |
| 1/15 P/V | ----- |
| **Janvi** | |
| 1/15 Psy | 126 |
| **RSWM** | |
| 2/40 PV | 210 |
| 2/30 PV | 190 |

Inclusive of 12 % GST

### NEETA YARNS

Ph. 022-28335766, 093246-70428
(M) 98210-82022

Fancy Yarn Per Kg

| | |
|---|---|
| 30/62 Alpine | 210 |
| 2/60 PVT | 280 |
| 2/60 Polyster | 240 |
| 2/80 PC Combed | 380 |
| 2/76 Polyster | 290 |
| 2/60 P.V. | 285 |

### MODTEX TEXTURISERS

PH. 246496, 98292-50430

| | |
|---|---|
| 150/400 Cone Dyed | 195+GST |
| 150 HIM Cone Dyed | 184+GST |
| 300 HIM Cone Dyed | 183+GST |
| 450 ATY fancy Cone | ------ |
| 300 Black B. Cone Dyed | ........ |
| 240 Lighting 100% Cone Dyed | ......... |

### Kishangarh Yarn Bazar

PH. 98297-21313
JAGDISHKOTHIWAL
CON YARN (Per 5 K.G.)

| | |
|---|---|
| 16 Arihant Viscous | 540 |
| 20 Patiyala ND | 575 |
| 20 Patiyala Silver | 191 |
| 20s Puja viscous | 583 |
| 16s cottspin | 532 |
| 20s Shri Mahadav | 199 |
| 23 JS Viscous | 575 |
| 20 VISCOUS | ----- |
| 16 Tile | 532 |
| 20 OM Thread | 563 |
| 20 JS | 557 |
| 23 JS | 620 |
| 10 ARI | 97+GST |

GST Paid

### Raghav Group

M. 94141-11402
Email: sheetal@raghavindia.com

| | |
|---|---|
| **Raghav Agency Trident Ltd.** | |
| 1/10 OE | 208 |
| 1/14 OE | 215 |
| 1/16 OE | 220 |
| 1/20 OE | 240 |
| 30 KW | 290 |
| 30 CW | 310 |
| 2/40 CW ELLY | 310 |
| 30 CW COMPACT | --- |
| 40 CW COMPACT | 370 |
| 60 CW COMPACT | --- |
| 50 CW COMPACT | 415 |
| **Ankur Udyoug** | |
| 1/30 Polyester 100% | 142+GST |
| 1/20 Polyester 100% | 132+GST |
| 1/15 Polyester 100% | 127+GST |
| **Sidhartha Super Spinning Mills** | |
| 2/15 P/V Dyed OG | 235+GST |
| 2/18 P/V Black | 192+GST |
| 2/30 P/V Black | 260+GST |
| **LNJ DENIM** | |
| 6 OE | 203 |
| 7 OE | 205 |
| 8 OE | --- |
| 9 OE | --- |
| 10 OE | 210 |
| 10 Lycra | 285 |
| 16 Lycra | --- |
| 10 Slub Lycra | 315 |
| 16 Slub Lycra | ----- |
| **SRM SPINNERS LIMITED** | |
| 2/30 P/V Black | 230+GST |
| 2/18 P/V Black | 210+GST |

### Ratan Barjatiya Yarn Spinners P. Ltd.

PH. 94141 13144

| | |
|---|---|
| **Pv yarn** | |
| 2/40 pv | 200 |
| 2/30 pv | 174 |
| 2/24 pv | 168 |
| 2/20 pv | 164 |
| 2/18 pv | 161 |
| 2/15 pv | 156 |
| 1/15 pv | 148 |
| **POLY YARN** | |
| 2/40 poly | 175 |
| 2/30 poly | 154 |
| 2/24 poly | 149 |
| 2/20 poly | 145 |
| 1/15 poly | 127 |
| **Pv Black 80:20 Blend** | |
| 2/40 pv black | 215 |
| 2/30 pv black | 184 |
| 2/18 pv black | 165 |
| 30 pv black. | 166 |
| 18 pv black. | 146 |
| 15 pv black. | 142 |
| **100% poly black yarn** | |
| 2/30 poly Black. | 158 |
| 2/18 poly black. | 130 |
| 2/15 poly black. | 128 |
| 18 poly black. | 121 |
| 15 poly black. | 120 |
| **PC yarn 65:35** | |
| 2/30 pc virgin | 204 rs |
| 2/30 pc recycled | 193 rs |

Less 1 rs cd +12% gst

*Prices for forward booking ,Delivery after 7 days from confirmation *

### JAGDAMBA SPINNING YARN PRICES

| | |
|---|---|
| **POLYESTER ULTIMA YARN** | |
| 2/30 poly @ | 160 |
| 2/20 poly @ | 150 |
| 2/15 poly @ | 145 |
| 40 poly @ | 158 |
| 30 poly @ | 142 |
| 24 poly @ | 136 |
| 20 poly @ | 132 |
| 15 poly @ | 127 |
| 12 poly @ | 124 |
| 10 poly @ | 122 |
| 8 poly @ | 119 |
| **PV YARN PRICES (70:30)** | |
| 2/30 pv @ | 180 |
| 2/20 pv @ | 170 |
| 2/15 pv @ | 165 |
| 40 pv @ | 179 |
| 30 pv @ | 163 |
| 24 pv @ | 157 |
| 20 pv @ | 153 |
| 18 pv @ | 151 |
| 15 pv @ | 148 |
| 10 pv @ | 143 |
| **MAGIC YARN** | |
| 2/47 PV Magic | 202 |
| 2/32 PVT | 156 |
| 2/32.PT. | 146 |
| 2/47 Poly Magic | 173 |
| 2/45 POLY MAGIC | 168 |

### HIND SYNTEX LTD.

PH. 247916, 94141-15916

| | |
|---|---|
| 2/15 Gray Blanded | 165+GST |
| 2/30 PV | 175+GST |
| 15S PV | 150+GST |
| 2/24 PV | 170+GST |
| 2/30 Polyester TFO | 157+GST |
| 2/20 Polyester TFO | 150+GST |


टेक्सटाइल वर्ल्ड

समाचार पत्र प्राप्त करने के लिये सम्पर्क करें।

PHONE 01482-237165 |MOBILE 9468835188
417, 4th FLOOR, COMMERCIAL MALL,
GOVINDAM, OLD RTO ROAD,
BHILWARA-311001, (RAJ.)
E-mail: textileworldtw@gmail.com
Web: www.textileworld.org

# सदस्यता फॉर्म

टेक्सटाइल वर्ल्ड SINCE 1998
वस्त्र उद्योग जगत का सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र

मान्यवर,

आपको यह जानकारी देते हुए अपार हर्ष की अनुभूति हो रही है कि टेक्सटाइल उद्योग जगत का एक मात्र सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' आज दिल्ली, अमृतसर, लुधियाना, रोहतक, मुम्बई, भिवण्डी, नागपुर, अमरावती, पूना, इचलकरंजी, सोलापुर, सूरत, अहमदाबाद, गोरखपुर, आगरा, कोलकाता, ग्वालियर, रायपुर, उज्जैन, इन्दौर, रांची, हैदराबाद, सिकंदराबाद, कोयम्बटूर,बुरहानपुर, बंगलुरू, चैन्नई, सेलम, मालेगांव, इरोड़, बरेली, मुरादाबाद, भीलवाड़ा, जोधपुर, बालोतरा, पाली, जयपुर, उदयपुर सहित पूरे देश में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक सम्पूर्ण टेक्सटाइल क्षेत्र में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार है और यह सब आप जैसे जागरूक पाठकों के सहयोग से ही संभव हो पाया है।

आपके लिए 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' किस प्रकार उपयोगी है:- क्योंकि यह एक अखबार ही नहीं अपितु एक महत्त्वपूर्ण सूचना प्रदायक दस्तावेज है जिसमें पूरे देश की वस्त्र मण्डियों के समाचारों के साथ-साथ फाइबर से लेकर फैब्रिक, मशीनरी, केमिकल आदि के संबंध में केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा जारी महत्त्वपूर्ण नीतियों का समावेश होता है।यह आप के व्यापार की श्रीसमृद्धि में निश्चित रूप से अभिवृद्धि करने में सहायक सिद्ध होगा।

AXIS BANK
Textile World
Axis bank, Bhilwara
A/c no. 911020040072253
Ifs code - UTIB0000241

कोरियर द्वारा पांच वर्ष की सदस्यता पर ऑल इण्डिया टेक्सटाइल डायरेक्ट्री फ्री

नोट - ऑफर सीमित समय के लिये

| वर्ष | ऑफर | प्रतियां | कोरियर द्वारा |
|---|---|---|---|
| ☐ 1 वर्ष | --------- | 24 | रू. 500 |
| ☐ 2 वर्ष | +1 वर्ष की सदस्यता फ्री | 72 | रू. 1000 |
| ☐ 5 वर्ष | ऑल इण्डिया टेक्सटाइल डायरेक्ट्री फ्री | 120 | रू. 2500 |

हाँ, मैं 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' समाचार पत्र की सदस्यता प्राप्त करना चाहता हूँ:-

☐ एक वर्ष ☐ तीन वर्ष ☐ पांच वर्ष

नाम एवं पद ..........

कम्पनी/फर्म का नाम : ..........

पता : ..........

..........पिन कोड नं. ..........

मोबाइल नं. ..........फोन नं. ..........

केटेगरी: ☐ निर्माता ☐ प्रोसेसर ☐ स्पिनर ☐ निर्यातक ☐ आयातक ☐ एजेण्ट ☐ डीलर ☐ होलसेलर ☐ रिटेलर ☐ डिजाइनर ☐ कंसल्टेंट ☐ इंस्टीट्यूट ☐ अन्य ..........

डीलिंग: ☐ सूटिंग ☐ शर्टिंग ☐ साड़ी ☐ ड्रेस मटीरियल ☐ रेडीमेड गारमेण्ट ☐ होजयरी ☐ मशीनरी ☐ केमिकल ☐ यार्न ☐ पैकेजिंग मटीरियल ☐ होम फर्निशिंग ☐ अन्य ..........


सदस्यता हेतु बैंक/ड्राफ्ट नं. .......... दिनांक .......... रु. .......... 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' के नाम से प्रेषित है।

विशेष- यदि आप पत्रकार के रूप में आपके यहां के टेक्सटाइल मार्केट की न्यूज भी हमें भेजना चाहते हैं तो कृपया 9468835188 पर whatsapp सम्पर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य करावें।

417, 4th FLOOR, COMMERCIAL MALL, GOVINDAM, OLD RTO ROAD, BHILWARA-311001
Tel: 01482-237165 | E-mail: textileworldtw@gmail.com | Web: www.textileworld.org

# SGS की मेगा कॉन्फ्रेंस इस बार सिक्किम-गंगटोक में

## नये सीजन के नये डवलपमेण्ट का भव्य डिस्प्ले





**मुम्बई/** फैंसी सूटिंग-शर्टिंग एवं अपेरल के विख्यात ब्राण्ड एसजीएस भारतीय टेक्सटाइल बाजार में सबसे लम्बी कॉन्फ्रेंस के लिए ख्यातनाम है। एसजीएस ब्राण्ड की उत्पादक कम्पनी एसजीएस सिल्क मिल्स प्रा. लि. अपने व्यापारियों के प्रमोशन के लिए हमेशा आगे रहा है।

कंपनी के युवा डायरेक्टर श्री किशोर राठी ने बताया कि भरोसे की परंपरा पर कायम एसजीएस अपनी पूर्व आयोजित यात्रा-2022 असम व मेघालय की अपार सफलता के बाद इस वर्ष अपने व्यापारियों को यात्रा- 2023 के तहत सिक्किम-गंगटोक की यात्रा कराने का निश्चय किया। इस मेगा कॉन्फ्रेंस में कम्पनी द्वारा दी गई स्कीम के तहत व्यापारी भाग ले सकेंगे। इस यात्रा-2023 की मेगा कॉन्फ्रेंस में व्यापारियों को नये सीजन हेतु नये डवलपमेण्ट देखने एवं बुकिंग कराने का अवसर मिलेगा।

श्री राठी ने बताया कि सिक्किम-गंगटोक भारत के हरेभरे प्राकृतिक सौन्दर्य एवं बौद्ध मन्दिरों के लिए विख्यात है। यहां स्थित एमजी मार्ग एवं लाल बाजार व्यापारिक दृष्टिकोण से विख्यात बाजार हैं। इसके अलावा नाथुला दर्रा, चाईना बॉर्डर, चार धाम के साथ 12 ज्योतिलिंगों की झाकियों के साथ-साथ पर्वतारोहण, इकोट्यूरिज्म, रोपवे एवं केसीनो को देखने का आनन्द मिलेगा।






**नया डवलपमेण्ट पेश...** इस मेगा कॉन्फ्रेंस के दौरान कम्पनी द्वारा आगामी सीजन के लिए अनेक नयी रेंज देखने को मिलेगी जिसमें फैंसी सूटिंग, टीआर, शर्टिंग के अन्तर्गत कलर चार्ट भिन्न-भिन्न डिजाइनों में प्रदर्शित की जाएगी, जिसे देखकर व्यापारी बुकिंग कराकर अपने व्यापार को और भी गति प्रदान करेंगे।




# मशहूर होलसेलर 'रामनिवास ललित कुमार' का कश्मीर ट्रिप हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

**पिलखुआ/** ब्राण्डेड मेन्स वीयर फैब्रिक्स के होलसेल व्यवसाय में अग्रणी संस्थान रामनिवास ललित कुमार, पिलखुआ विगत 45 वर्षों से कपड़ा व्यवसाय में सफलतापूर्वक कार्यरत है। युवा कपड़ा व्यवसायी श्री विनय गोयल द्वारा संचालित इस संस्थान द्वारा समय-समय पर रिटेल व्यापारियों के लिए आकर्षक भ्रमण स्कीम्स निकाली जाती रही है। विगत दिनों संस्थान द्वारा प्रदत्त स्कीम के तहत दिल्ली एवं उत्तरप्रदेश के रिटेल व्यापारियों को कश्मीर की सफलतापूर्वक यात्रा करवाई गई। श्री विनय गोयल ने बताया कि कश्मीर के ट्रिप हर्षोउल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। व्यापारियों को कश्मीर के श्रीनगर, गुलमर्ग, पहलगांव जैसे मशहूर पर्यटक स्थलों की यात्रा करवाई गई।

## आगामी स्कीम गंगटोक (सिक्किम) ट्रिप की घोषणा











**'रेमण्ड' सूटिंग-शर्टिंग के अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर-** संस्थान 'रामनिवास ललित कुमार' मेन्स वीयर ब्राण्ड 'रेमण्ड' के अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में विख्यात है। संस्थान द्वारा रेमण्ड सूटिंग-शर्टिंग की पूरे देश में सप्लाई की जा रही है।

**इम्पोर्टेड फैब्रिक्स के सप्लायर-** संस्थान 'रामनिवास ललित कुमार' द्वारा होलसेल व्यवसाय के साथ-साथ इम्पोर्टेड फैब्रिक्स की सप्लाई भी बड़े पैमाने पर की जा रही है। जिसमें टीआर, वूलन, जैकॉर्ड, ट्विड, एथनिक फैब्रिक्स लिनन इत्यादि फैब्रिक रेंज वाजिब दरों में उपलब्ध कराई जा रही है। श्री विनय गोयल ने बताया कि चाइना, इटली, इण्डोनेशिया आदि देशों से कपड़ा इम्पोर्ट कर व्यापारियों को वाजिब दरों में सप्लाई किया जा रहा है।

**गंगटोक (सिक्किम) ट्रिप की तैयारी-** श्री विनय गोयल ने कहा कि आगामी सीजन के तैयारी के लिए हमने अपने अमूल्य ग्राहकों के लिए गंगटोक (सिक्किम) ट्रिप की घोषणा की है। स्कीम को लेकर रिटेलर्स में खासा उत्साह है। स्कीम के तहत हमने बुकिंग शुरू कर दी है। इस स्कीम के तहत आगामी सितम्बर माह में व्यापारियों को गंगटोक की यात्रा कराने की योजना प्रस्तावित है।

# liva द्वारा अपने LAPF पार्टनर Renlon (Uniforms & Suitings) के उत्पादों की जमकर सराहना की










## श्री मुरगन टी. (ग्लोबल हेड बिजनेस डवलपमेण्ट) द्वारा यूनिफॉर्म की नई कैटलॉग लॉञ्च

**भीलवाड़ा/** यूनिफॉर्म सेक्टर में अपने उत्कृष्ट उत्पादों की बदौलत रेनलॉन ब्राण्ड निरन्तर आगे बढ़ता जा रहा है। रेनलॉन ब्राण्ड की उत्पादक कम्पनी विकास सिन्टेक्स प्रा.लि. 8 वर्षों से स्पनशेड की प्रतिष्ठित एवं सबसे बड़ी कम्पनी बिरला सेल्यूलोस की चैनल पार्टनर है। आज कम्पनी द्वारा यूनिफॉर्म सेक्टर में अपनी विस्तृत क्वालिटियों के लिए सम्पूर्ण भारत में अपनी पहचान कायम करते हुए अपने ब्राण्ड रेनलॉन को निरन्तर ऊंचाईयों पर ले जा रहे हैं।

### लिवा की टीम ने की विजिट

विकास सिन्टेक्स प्रा.लि. के चेयरमैन श्री मदनगोपाल कालरा एव उनके युवा एवं इनोवेटिव सुपुत्र श्री रवि कालरा ने बताया कि 11 अप्रैल 2023 कम्पनी द्वारा अपने नये परिसर का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर ग्रासिम इण्डस्ट्रीज के ग्लोबल हेड बिजनेस डवलपमेण्ट श्री मुरगन टी. ने फीता खोलकर इस परिसर का शुभारम्भ किया। उनके साथ कम्पनी के श्री अकुंर थोराड (कैटेगरी हैड), श्री राजेश वटालिया, श्री अंकुर अग्रवाल, श्री रवि चेचाणी (रीजनल हेड) एवं श्री मनीष चतुर्वेदी का श्री कालरा द्वारा स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया।

### यूनिफॉर्म की कैटलॉग लॉञ्च

इस अवसर पर श्री मुरगन टी. एवं उनकी सम्पूर्ण टीम ने विकास सिन्टेक्स प्रा.लि. की सम्पूर्ण मैन्यूफेक्चरिंग इकाई का अवलोकन कर पूरी टीम ने कम्पनी के सभी उत्पादों की जमकर सराहना करते हुए भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा भी की। इस दौरान रेनलॉन ब्राण्ड कि नई यूनिफॉर्म केटलॉग को भी लॉञ्च किया गया, जिसमें कम्पनी द्वारा उत्पादित अपने सम्पूर्ण प्रॉडक्ट रेंज को दर्शाया गया। इस अवसर पर कम्पनी के डायरेक्टर श्री रवि कालरा ने चर्चा के दौरान बताया कि लिवा के स्पनशेड की क्वालिटी एवं गुणवत्ता का कोई मुकाबला नही है तथा इसके साथ जुड़कर हम अपने ब्राण्ड रेनलॉन को निरन्तर ऊँचाईयों पर पहुंचाने में सफल हो रहे हैं।















## कॉटन यार्न की मांग थोड़ी धीमी

# पोलिएस्टर यार्न में तेजी का अनुमान

**मुंबई/ राजेश शर्मा**

यार्न में कारोबार धीमा है। वीविंग इकाईयों में उत्पादन कम होने और भयंकर गरमी के कारण सूती धागों के टूटने से ग्रे कपड़ों का उत्पादन घटा है। भिवंडी में कारीगरों की भारी कमी के चलते लूमों पर उत्पादन कम होने से काटन यार्न की मांग घटी है। इतना ही नहीं रुई के भाव कम होने से यार्न के भाव पर मनोवैज्ञानिक दबाव बना हुआ है। रुई के भाव अधिक बढ़ने की संभावना नहीं है, इसलिए कॉटन यार्न में भाव स्थिर रहने का अनुमान है। कॉटन यार्न की कीमतें 275 रू प्रति किलो से घटकर 265 रू हो गई है। इसके उलट पोलिएस्टर यार्न और ब्लैंडेड यार्न का बाजार टाइट लग रहा है। क्रूड तेल के भाव प्रति बैरल 100 डॉलर तक पहुंचने से पेट्रो उत्पादों में तेजी लगती है।

फ्लैक्स यार्न पर एंटी डंपिंग शुल्क की समीक्षा जांच शुरू कर दी गई है। सरकार ने चीन से आयात किए जाने वाले यार्न फ्लैक्स पर एंटी डंपिंग शुल्क जारी रखने की जरूरत को लेकर जांच शुरू कर दी है। वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई व्यापार उपचार महानिदेशालय अर्थात डीजीटीआर ने ग्रासिम इंडस्ट्रीज और सिंटेक्स इंडस्ट्रीज से मिले आवेदन पर कार्रवाई करते हुए फ्लैक्स यार्न पर लगाए गए एंटी डंपिंग शुल्क की समीक्षा का काम शुरू कर दिया है। फ्लैक्स यार्न का इस्तेमाल फ्लैक्स कपड़ा बनाने में किया जाता है, जिससे परिधान और घरेलू कपड़े बनाए जाते हैं। सिंथेटिक यार्न के भाव निकट समय में बढ़ने की संभावना बनी हुई है। क्रूड तेल का इस पर असर दिखाई दे रहा है।

जहां तक कॉटन यार्न के उत्पादन का सवाल है, इस समय रुई के भाव यार्न बनाने के अधिक अनुकूल रहे हैं। इतना ही नहीं रुई के भाव में अब अधिक बढ़ने की संभावना नहीं है, इसलिए वीविंग इकाईयों को यदि कॉटन यार्न निर्यात मांग का सपोर्ट इसी तरह से जारी रहता है, तो स्पिनिंग मिलों में कॉटन यार्न के उत्पादन में किसी तरह से कठिनाई आने की संभावना नहीं है। स्थानीय स्तर पर कॉटन यार्न की मांग पहले की तुलना में कुछ सुधरी है, जिसके फलस्वरूप स्पिनिंग मिलों में यार्न अब पूरी क्षमता से हो रहा है। वैश्विक परिदृश्य कपड़ों के कारोबार के लिए अभी बहुत अनुकूल नहीं है, इसलिए कपड़ों की मांग पर सभी की नजरें हैं, तथापि यार्न में कारोबार इसी तरह से होने का अनुमान है।

## चीन से फ्लेक्स यार्न आयात पर जारी रह सकती है एंटी-डम्पिंग ड्यूटी

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

सरकार चीन से फ्लेक्स यार्न के आयात पर एंटी-डम्पिंग ड्यूटी को जारी रख सकती है और इसके लिए डीजीटीआर ने समीक्षा प्रक्रिया आरंभ कर दी है। देश के प्रमुख फ्लैक्स यार्न निर्माताओं-ग्रासिम इंडस्ट्रीज औ सिनटैक्स इंडस्ट्रीज ने डीजीटीआर ने एंटी-डम्पिंग ड्यूटी को जारी रखने का अनुरोध किया था। इस समय जो ड्यूटी लगी है, वह 31 अक्टूबर 2023 को समाप्त होने जा रही है।




# मंदी के बावजूद देश से 2022-23 में गारमेण्ट निर्यात में वृद्धि

## टेक्सटाइल-गारमेण्ट के कुल निर्यात में भारी गिरावट

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

विश्व बाजार में आर्थिक मंदी की आहट के बीच हालांकि देश से टेक्सटाइल और गारमेण्ट के निर्यात में भारी गिरावट दर्ज की गई लेकिन रेडीमेड गारमेंट के नियात में वृद्धि हुई है, हालांकि यह केवल 1.1 प्रतिशत की है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष के दौरान देश से कुल निर्यात (वस्तु और सेवा) पूर्व वर्ष की तुलना में 14 प्रतिशत बढ़कर 770 बिलियन डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। इसमें केवल वस्तुओं का ही निर्यात 6 प्रतिशत बढ़कर 447 बिलियन डॉलर के रिकॉर्ड पर पहुंच गया है, हालांकि यह आरंभिक अनुमानों की तुलना में कम है। बहरहाल, बीते वित्त वर्ष में गारमेण्ट का कुल निर्यात पूर्व वर्ष की तुलना में 1.1 प्रतिशत बढ़कर 16,191.47 मिलियन डॉलर का हो गया है, जबकि गत वर्ष यह 16,014.84 मिलियन डॉलर ही था।

हालांकि आरंभ में देश से रेडीमेड गारमेण्ट के निर्यात में बढ़ोतरी बनी हुई थी, लेकिन बीच में कुछ गिरावट भी आई। इसके बावजूद वृद्धि दर ऊंची बनी हुई थी। बहरहाल, अमेरिका, यूरोप आदि देशों में महंगाई की की ऊंची दर होने से वहां की मांग प्रभावित होने के कारण मार्च के दौरान देश से रेडीमेड गारमेण्ट के निर्यात में लगभग 17 प्रतिशत की गिरावट से बढ़ोतरी का सारा गणित बिगड़ गया। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार मार्च 2023 में देश से रेडीमेड गारमेण्ट का निर्यात 16.7 प्रतिशत गिर कर 1,448.30 मिलियन डॉलर ही रह गया। विश्व में प्रतिकूल परिस्थितियों और आर्थिक मंदी के बावजूद देश से गारमेंट निर्यात में बढ़ोतरी का श्रेय सरकार को देते हुए अपैरल एक्सपोर्ट प्रोमोशन कौंसिल के चेयरमैन श्री नरेन गोयनका ने कहा है कि यह सब सरकार की उद्योग के प्रति दोस्ताना नीतियों, गारमेण्ट सेक्टर की विभिन्न योजनाओं के लिए बजट में अधिक आवंटन, पीएम मित्रा आदि योजनाओं के लागू करने से ही संभव हो पाया है। उनका कहना है कि एमएमएफ




जैसे गैर-परम्परागत सेक्टर के लिए पीएलआई स्कीम से देश के रेडीमेड गारमेंट को समर्थन मिला है।

श्री गोयनका कहना है कि सरकारी योजना से उद्योग में नया जोश आएगा और आशा है कि चालू वित्त वर्ष में रेडीमेड गारमेंट निर्यात में और बढ़ोतरी होगी तथा उद्योग सरकार के 2030 तक 2 ट्रिलियन डॉलर के निर्यात लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान देगा। रशिया और यूक्रेन बीच युद्ध, प्रमुख आयातक देशों में मंदी के दौरान, अन्य निर्यातक देशों के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा और वर्ष के आरंभ में कच्चे माल के भाव में उतार-चढ़ाव के बीच रेडीमेड गारमेण्ट निर्यात में बढ़ोतरी एक सरहानीय उपलब्धि ही है।

**टेक्सटाइल निर्यात में गिरावट-** आलोच्य वर्ष के दौरान देश से टेक्सटाइल निर्यात में भारी गिरावट आई। टेक्सटाइल्स का कुल निर्यात 2022-23 के दौरान 23.36 प्रतिशत लुढ़ककर 19,388.25 मिलियन डॉलर रह गया। पूर्व वर्ष में देश से 25,298.37 मिलियन डॉलर मूल्य का निर्यात किया गया था। टेक्सटाइल्स के सभी सेक्टरों में गिरावट रही। कॉटन यार्न, फैब्रिक, मेड-अप्स, हेंडलूम आदि का निर्यात 28.45 प्रतिशत गिर कर 10,948.20 मिलियन डॉलर रह गया। मैन-मेड यार्न, फैब्रिक, मेड-अप्स आदि का निर्यात 4,948.88 मिलियन रहा, जो पूर्व वर्ष की तुलना में 11.86 प्रतिशत कम है। जूट उत्पाद, कार्पेट, हैंडीक्रॉफ्ट्स आदि के निर्यात में भी कमी आई है। वर्ष 2022-23 में देश से टेक्सटाइल्स और गारमेण्ट का कुल निर्यात 35,579.72 मिलियन डॉलर का हुआ, जो 2021-22 के निर्यात 41,313.21 मिलियन डॉलर की तुलना में 13.88 प्रतिशत कम है। देश के कुल निर्यात में टेक्सटाइल्स और रेडीमेड गारमेण्ट का योगदान आलोच्य वर्ष में गिर कर 7.95 प्रतिशत रह गया, जो इससे पूर्व वर्ष 9.79 प्रतिशत था।


**आयात बढ़ा-** हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2022-23 में रॉ कॉटन और वेस्ट कॉटन के आयात में भारी वृद्धि हुई है और 1,438.52 मिलियन डॉलर का हुआ, जो पूर्व वर्ष की तुलना में लगभग 157 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2021-22 में आयात केवल 559.55 मिलियन डॉलर ही था। जानकारों का कहना है कि देश में कॉटन के भाव विश्व बाजार की तुलना में काफी ऊंचे होने से मिलों ने अधिक आयात किया। टेक्सटाइल, यार्न, फैब्रिक और मेड-अप्स आदि के आयात में भी लगभग 27 प्रतिशत की वृद्धि हुई और 2,617.79 मिलियन डॉलर के स्तर पर पहुंच गया, जो पूर्व वर्ष में 2,065.45 मिलियन डॉलर ही था।




स्वत्वाधिकारी एसएसएस मीडिया पब्लिकेशन्स (प्रा.) लि. की तरफ से मुद्रक एवं प्रकाशक योगेन्द्र शर्मा के लिए वी.के. प्रिण्टर्स, बी-36, सुदर्शन पुरा, इण्डस्ट्रियल एरिया, 22 गोदाम, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित एवं सी-127, आर.के. कॉलोनी, भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। **संपादक-योगेन्द्र शर्मा।**


Cool
Summer's
WITH
SINCE 1963
Gini
FABRICS
'STITCHED DIFFERENTLY'
Summer
COLLECTION
CHOOSE FROM OUR EXCLUSIVE SHIRTING, SUITING & GIFTING FABRICS
Cotton | Hemp | Bamboo | Linen | Lyocell | Gini Whites | Khushboo | Aqua | Glacier | Ever Fresh
+ 912240750601
sales@ginitex.com (Domestic)
umesh@ginitex.com (International)
GINI TEX PRIVATE LIMITED:
413, Tantia Jogani ind Premises,
Sitaram Mill Compound, Near Lodha Group,
N.M Joshi Marg, Lower parel (E),Mumbai 400011.
/ginifabricsofficial/
/ginifabricsofficial
/company/ginifabrics/
linkedin
facebook
instagram
FOR TRADE ENQUIRIES
Sudhir Agencies (India) 6th Ganesh Wadi, 4th Floor, Mumbai - 400 002. Sudhir Bachhawat - 9819343909,
Jitender Bachhawat - 9930031999, Rajendra Malpani - 9819977707, Neeraj Vaid - 9322245369.


Sangam®
SUITINGS
YOU ARE WHAT YOU WEAR
Value through values
spunshades
by
SANGAM (INDIA) LTD. Atun,
Chittorgarh Road, BHILWARA - 311001 (Raj.) India
E-mail : coordinationsales@sangamgroup.com, Visit us at www.sangamgroup.com, Phone: +91-1482-245500


RISHAB WORLD
The
Finest Italian Fashion
Fabrics
D&J
www.donandjulio.com
DonandJulio
Don & Julio
Call at +91 93219 14004 or email at crm@rishabworld.com

# देश के टॉप ब्राण्ड्स की सप्लाई में अग्रणी फर्म कादम्बरी ट्रेडर्स





**कानपुर/** स्थानीय होलसेल कपड़ा व्यवसाय में प्रतिष्ठित फर्मों में शुमार कादम्बरी ट्रेडर्स अपना बेहतर नेटवर्क स्थापित करते हुए वर्तमान में यह सूटिंग-शर्टिंग फैब्रिक के कई नामचीन ब्राण्ड के उत्पाद की आपूर्ति कर रही है। इस क्षेत्र में कार्य की शुरूआत श्री राधाकिशन श्रीवास्तव द्वारा सन् 1982 में की गई थी। तब से कारोबार में निरन्तर सफलता की ओर अग्रसर हैं। व्यापार में शुरूआती दौर से ही इनके पुत्र श्री कमल कुमार श्रीवास्तव कार्य देखने लगे थे और वर्तमान में ये अपने बेहतर अनुभव एवं कार्य कुशलता से अपनी पेढ़ी में कई उम्दा ब्राण्ड्स शामिल कर चुके हैं। व्यापार में सहयोगी के रूप में इनके भ्राता श्री महेश कुमार एवं श्री अवधेश कुमार श्रीवास्तव एवं श्री रविभूषण पाण्डे भी संयुक्त रूप से प्रबन्ध व्यवस्था में सफलतापूर्वक कार्य सम्पादित कर रहे हैं।

**उत्पाद-** फर्म अपने व्यापार में सूटिंग-शर्टिंग, शेरवानी, फैन्सी कुर्ता, फैन्सी जेण्ट्स सूट आदि की सप्लाई कर रही है। सूटिंग क्षेत्र में प्रसिद्ध ब्राण्ड ट्रूवेल्यू, डोनियर, सियाराम, (कडिनी), मितवा सूटिंग (EMEF), आदि शामिल हैं। शर्टिंग आपूर्ति में मितवा, केल्विन, अशवीरा, मन्थन, (सूटिंग-शर्टिंग), गुडविल, ट्रूवेल्यू शामिल हैं। शेरवानी सप्लाई में मितवा ट्रूवेल्यू, डोनियर आदि एवं अरविन्द शर्टिंग के सभी ब्राण्ड्स की सप्लाई फर्म द्वारा की जा रही है। यूनिफॉर्म फैब्रिक में सियाराम के यूनिकोड की बेहतर सेल है। फर्म मिक्स मेच पेकिंग के अन्तर्गत इन सभी कम्पनियों के उत्पाद सप्लाई कर रही है।

**सेल्स क्षेत्र-** कानपुर सहित यूपी, एमपी एवं बिहार की वस्त्र मण्डियों में मजबूत पकड़ है।

**प्रमोशन कार्यक्रम-** फर्म वर्ष में एक बार व्यापारियों को डिस्प्ले स्कीम बुकिंग के आयोजन के तहत फॉरेन ट्रिप एवं लोकल ट्यूर पर ले जाने का भी अवसर प्रदान करती है।






# देश की कई वस्त्र मण्डियों से व्यापारी करते हैं खरीदी बत्रा ब्रदर्स



**कानपुर**

स्थानीय वस्त्र मण्डी में सन् 1958 में श्री रोशन लाल बत्रा द्वारा बत्रा ब्रदर्स नाम से वस्त्र व्यापार की शुरुआत की, जो आज मिलों के कपड़े की खरीदी के प्रमुख केन्द्र के रूप में जानी जाती है। वर्तमान में फर्म के प्रबंधक श्री किशोर बत्रा ने अपने कार्य के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हमारी फर्म में इस समय ख्यातनाम मिलों में द रेमण्ड, ओसीएम, अरविंद, डोनियर एवं जे.हेम्पस्टेड के उत्पाद सेल कर रहे हैं। शर्टिंग मुख्यतया अरविंद एवं भारत विजय मिल की सप्लाई करते हैं, जिसमें अरविन्द लिनन की शर्टिंग मोनोपॉली से सप्लाई कर रहे हैं।

श्री बत्रा ने बताया कि बत्रा ब्रदर्स अन्य प्रतिष्ठानों की तुलना में रेट वाइज सस्ते कपड़े सप्लाई के लिये वस्त्र मण्डी में प्रसिद्ध है।

श्री बत्रा कपड़ा व्यवसाय के प्रत्येक ट्रेण्ड एवं व्यापारियों की मनोस्थिति समझते हैं एवं इकलौती फर्म है, जहां पर ऑल इण्डिया से व्यापारी यहां इनक्वायरी करके माल खरीदते हैं।






## कानपुर कपड़ा उत्पादन क्षेत्र में पी. जे. ब्राण्ड ने बनाई विशेष पहचान पुष्करमल जयप्रकाश



**कानपुर**

स्थानीय कपड़ा मण्डी में घुमनी बाजार स्थित कम्पनी गिरधारीलाल राकेश कुमार सन् 1966 से इस क्षेत्र में कार्यरत है। वर्तमान में श्री राजकुमार एवं श्री जयप्रकाश के संयुक्त नेतृत्व में सफलतापूर्वक व्यापार कर रहे हैं। कम्पनी स्वयं के ब्राण्डनेम से कपड़ा बनाती है, जो पी.जे. ब्राण्डनेम से प्रसिद्ध है। इसके अन्तर्गत प्लेन शर्टिंग रेमण्ड (4325) बटर सॉफ्ट -मिंकल, ड्रील माइक्रो व पायजामा क्लॉथ, 65/2, 40 पीवी×40 पीवी, 40 पीसी× 40 पीसी, खादी, स्कूल चैक्स व फैंसी लिनन आदि में लगभग 60 कलर में माल तैयार करके व्यापारियों को आपूर्ति कर रहे हैं। स्कूल यूनिफॉर्म में भी विस्तृत रेंज का निर्माण कर आपूर्ति कर रहे हैं। शर्टिंग 36'' पने में विशेषकर बना रहे हैं, इनकी सप्लाई व्यापारियों के अलावा गारमेण्टरों को भी की जा रही है। श्री राजकुमार ने बताया कि पीजे हमारा रजिस्टर्ड ट्रेडमार्क है जिसके अन्तर्गत कानपुर शहर, यूपी राज्य के साथ साथ अन्य मण्डियों में सप्लाई की जा रही है, कम्पनी और कई व्यापारियों को व्यापार में शामिल करने की इच्छुक है, अतः इसके लिए सम्पर्क किया जा रहा है।

**न्यू लॉञ्चिंग**

व्यापार में बाजार की डिमाण्ड अनुसार इन्होंने इनोवेशन करते हुए और क्वलिटियों की लॉञ्चिंग की, जिसमें पीसी 112 सेमी., सूरत केप - 112 सेमी. एवं कोम्बो पैकिंग उत्पादों में पेण्ट-शर्ट, सिंगल शर्टपीस एवं आरसी - (112 सेमी.) में माल सप्लाई कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त कोम्बो में लगभग 6-7 तक वेरायटियों में पैकिंग उत्पाद भी सप्लाई कर रहे हैं।






# सूटिंग-शर्टिंग में कई शीर्ष ब्राण्ड्स की होलसेल सप्लाई में प्रसिद्ध एम. के. टेक्सटाइल



**कानपुर/** स्थानीय वस्त्र मण्डी में होलसेल सूटिंग-शर्टिंग आपूर्ति में सफलतापूर्वक कार्य करते हुए ऑनर श्री सुनील कुमार खट्टर ने अपना बेहतर नेटवर्क स्थापित किया है। सन् 1987 में इन्होंने इस क्षैत्र में कारोबार की शुरूआत की, तब से निरन्तर बाजार को ट्रेण्ड के अनुसार माल सप्लाई करते आ रहे हैं।

शुरूआती फर्म तुलसी टेक्सटाइल से व्यापार में मिली सफलता के बाद कार्य विस्तार के अन्तर्गत 2011 में सहयोगी फर्म एम के टेक्सटाइल की स्थापना की, जिसमें और कई कम्पनियों को शामिल किया, जिसमें आबसलिटो, बजाज फैब, नवसारी कॉटन एवं वेलिएन्ट कलेक्शन (पुलिस खाकी की) आपूर्ति की जा रही है।

इसी बीच सन् 2000 में सहयोगी फर्म आर एम एजेन्सीज की शुरूआत की गई, जो वर्तमान में सूटिंग-शर्टिंग के क्वालिटी उत्पादों की सप्लाई कर रही है जिसके अन्तर्गत मित्वा, मित्वा लॉयल, ईएमईएफ, GEE CEE के उत्पाद शामिल हैं।

कारोबार में शामिल युवा प्रबन्धक श्री मोहित खट्टर ने बताया कि बाजार में वर्तमान समय में उपभोक्ता लिनन कॉटन लिनन, डिजिटल प्रिण्ट आदि में बेहतर खरीदी कर रहा है।

प्रमोशन ब्राण्डिंग के तहत पिछले वर्ष जुलाई में एब्सोल्यूटो ब्राण्ड की दुबई में रिटेलर्स कॉन्फ्रेंस का सफलतम आयोजन किया गया।















# कानपुर कपड़ा बाजार में लगी भीषण आग से भारी नुकसान



**कानपुर/ योगेश गुप्ता**

पिछले माह में स्थानीय शहर के सबसे बड़ा कपड़ा मार्केट में ट्रांसफॉर्मर सर्किट से आग फैल गई। सूत्रों के हवाले से प्राप्त जानकारी के अनुसार रेडीमेड सेक्टर में बांस मण्डी चौराहा से सटे एआर टॉवर में डेढ़ बजे आग लगी थी बगल में अरजन टॉवर, मसूद कॉम्पलेक्स, हमराज कॉम्पलेक्स और नफीस टॉवर भी इसकी चपेट में आ गये थे। यहाँ रेडीमेड कपड़ो की थोक दुकानें और गोदाम बने है जहां बड़ी तादाद में माल भरा रहता था। मार्केट, जहां सैकड़ों की संख्या में इस सेगमेंट में शॉप संचालित होती है जो लगभग 800 के तकरीबन थी उसमें फैब्रिक व गारमेंट सेक्टर का माल जलकर राख हो गया। सरकारी आंकड़ों के अनुसार हजारों करोड़ का नुकसान हुआ। स्थानीय सूत्रों के अनुसार इस हादसे में कानपुर सवांददाता ने बताया कि 72 घण्टे के बाद आग पर काबु पाया गया उत्तरप्रदेश गारमेण्ट ट्रेडर्स एण्ड मैन्युफैक्चर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विजय गुप्ता गोरे के अनुसार लगभग 2500 करोड़ रूपये के रेडीमेड कपड़े जलकर राख हो गये। कपड़ा मंडी पूरी तरह प्रभावित हुई है और बाहरी मंडियों से कच्चा माल आता, वह भी इस हादसे मैं पूरी तरह प्रभावित हुआ है।

# व्यापारिक रिश्ते का स्वरूप पारिवारिक बंधन में बंधा





**कानपुर**

स्थानीय वस्त्र मण्डी में जानी मानी होलसेल फर्म मन्नत टेक्सटाइल के ऑनर श्री कंवलजीत सिंह ने बताया कि कोलकोता की प्रतिष्ठित फर्म मोहन सिन्थेटिक के ऑनर श्री कमल मेहरिया से हमारा वर्षों से व्यापारिक एवं व्यक्तिगत रिश्ते थे, इसी के मद्देनजर हमारे दोनों के परिवार एक दूसरे को बेहतर समझ चुके थे एवं ईश्वर के आर्शीवाद से ये दोस्ती पारिवारिक सम्बन्धों में परिवर्तित हो गई। श्री सिंह ने बताया कि हमारे पुत्र मन्नत अरोड़ा एवं श्री मेहरिया की बिटिया आकांक्षा मेहरिया पिछले वर्ष 27-28 नवम्बर में आयोजित शादी समारोह के दौरान जीवन साथी बने। इस दौरान दोनों परिवारों के सदस्यों के अतिरिक्त आमंत्रित गणमान्य अतिथि शामिल हुए और नवविवाहित कपल को आर्शीवाद प्रदान किया।



# सूटिंग-शर्टिंग में कई शीर्ष ब्राण्ड्स की सप्लाई का प्रमुख केन्द्र चोपड़ा लोट हाउस





**कानपुर/** कपड़ा बाजार में विगत 44 वर्षों से सफलतापूर्वक कार्य करते हुए चोपड़ा परिवार ने इस क्षेत्र में बेहतर पहचान बनाई है। विदित है कि कार्य की शुरूआत धर्मवीर ग्रुप ऑफ कम्पनीज नाम से की गई थी एवं उल्लेखनीय प्रगति करते हुए आज फैब्रिक निर्माण क्षेत्र में भी उम्दा पहचान बनाई है। कानपुर होलसेल कपड़ा व्यापार में प्रतिष्ठित घरों में शुमार चोपड़ा लोट हाउस द्वारा कई ब्राण्डेड मिलों का माल सप्लाई किया जा रहा है जिसमें ग्राडो, बीएसएल व पीजी जैसी बड़ी कम्पनियां शामिल हैं। प्रबन्ध कार्य में श्री संजीव चौपड़ा एवं इनके पुत्र श्री सत्येन चोपड़ा अपने कुशल नेतृत्व में कपड़ा आपूर्ति में अग्रणी भूमिका में निभा रहे हैं।

**मार्केटिंग एवं सेल्स-** धर्मवीर ग्रुप में चोपड़ा लोट हाउस अपने सुदृढ़ सेल्स नेटवर्क के मद्देनजर होलसेल, रिटेलिंग एवं निर्यात बाजार में बेहतर पकड़ बनाने में कामयाब रहे हैं।

**कपड़ा उत्पादन-** इस क्षेत्र में इनकी स्वयं की कम्पनी भी है, जो धर्मवीर सूटिंग एवं शर्टिंग्स के नाम से फैब्रिक का उत्पादन कर रही है, जिसमें बाजार की डिमाण्ड के अनुरूप क्वालिटी सूटिंग का निर्माण कर रहे हैं। होलसेल व्यापार में कार्य विस्तार के तहत साड़ी सप्लाई क्षेत्र में भी इन्होंने बेहतर सफलता प्राप्त की है, जिसमें सूरत निर्मित कई ब्राण्ड्स एवं कोलकाता की हेण्डवर्क की बड़ी रेंज सप्लाई की जा रही है। कम्पनी द्वारा यूनिफॉर्म सेगमेण्ट में स्कूल, कॉरपोरेट, इंस्टीट्यूट, इण्डस्ट्री एवं अन्य क्षैत्र के लिये विभिन्न कलर रेंज में सप्लाई की जा रही है। कम्पनी होलसेल कारोबार में कानपुर एवं सराउण्डिंग क्षेत्र में मजबूत नेटवर्क के आधार पर अपने बॉयर्स को माल सप्लाई करती है एवं कपड़ा उत्पादन में शामिल रेंजों को देश की कई वस्त्र मण्डियों में एजेण्ट एवं डीलर बेस पर आपूर्ति कर रही है।

KH KANHAIYA LAL HANUMAN PRASAD
WHOLESALE DEALERS IN
Suiting & Shirting | Blouse Material | Poplin
Denim Suiting & Shirting | Fancy Sarees
Arvind FASHIONING POSSIBILITIES | BIRLA CENTURY | Siyaram's | CADINI | ICON ashima Weaving Dreams
ANIL TOSHNIWAL 9839035741 | S.P. TOSHNIWAL 9935059972 | PRATEEK TOSHNIWAL 9930742069
49/77, Naughara, Kanpur - 208001 (UP)
Email: anilt1616@gmail.com

# कपड़ा व्यापार में सौ वर्ष पूर्ण कर चुकी विख्यात होलसेल फर्म कन्हैयालाल हनुमान प्रसाद





**कानपुर/** स्थानीय वस्त्र मण्डी में लगभग 100 वर्ष पूर्व सेठ कन्हैयालाल तोषनीवाल ने रिटेल वस्त्र व्यापार में शुरुआत की एवं निरन्तर व्यापार में उन्नति करते रहे। कार्य में मिली सफलता के तहत इनके पुत्र सेठ के सानिध्य में 1960 से श्री हनुमान प्रसाद तोषनीवाल ने कदम रखते हुए व्यापार को होलसेल क्षेत्र में बढ़ाया एवं इसी क्रम में श्री सूर्यप्रकाश तोषनीवाल 1965 में कार्य में शामिल हुए। फलस्वरूप व्यापार एक टीम वर्क के रूप में गति पकड़ने लगा।

वर्तमान में व्यापार के संचालक में परिवार की तीसरी एवं चौथी पीढ़ी शामिल हो चुकी है। जिसमें पुत्र श्री अनिल तोषनीवाल एवं पौत्र श्री प्रतीक तोषनीवाल शामिल हैं। युवा कारोबारी श्री प्रतीक शिक्षा में एमबीए करने के पश्चात् परिवार के पुश्तैनी कार्य को देखने लगे हैं।

**प्रमुख प्रॉडक्ट** - इस फर्म के अन्तर्गत सूटिंग-शर्टिंग, ब्लाउज मटीरियल, पोपलीन, साड़ी, लेडीज ड्रेस मटीरियल, रुबिया 2×2 एवं लेगिंग की आपूर्ति ब्राण्डेड क्षेत्र की सप्लाई कर रहे हैं। नामचीन ग्रुप अरविंद के कई उत्पाद सप्लाई कर रहे हैं जिसमें सूटिंग-शर्टिंग, ब्लाउज मटीरियल (थान ग्रे), पोपलीन, डेनिम रुबिया, ड्रेस मटीरियल एवं लेगिंग की उत्कृष क्वालिटियाँ शामिल है। श्री तोषनीवाल ने बताया कि ये उत्पाद अंकुर टेक्सटाइल (अरविंद डिविजन) से निर्मित हैं जो उम्दा क्वालिटी में बनते हैं। इसके अलावा 44 ब्राण्ड के इस क्षेत्र में एजेण्ट कम डीलरशिप के माध्यम से काफी माल सप्लाई कर रहे हैं। नामचीन मिल बिड़ला सेंचुरी के शर्टपीस एवं पेन्ट पीस के उत्पाद की सेल कर रहे हैं। साड़ी क्षेत्र में सूरत, जेतपुर, राजकोट, मुम्बई एवं उम्मेद मिल निर्मित बेहतर क्वालिटियों की सप्लाई में भी विशेष महारथ है। व्यापार में शुरु से ही ब्राण्डेड प्रॉडक्ट की सप्लाई करते आ रहे हैं। रुबिया 2×2 (कॉटन) में अरविंद कम्पनी के चकोरी ब्राण्ड सर्वोत्तम क्वालिटी होने से डिमाण्ड से बिकता है। फर्म का मार्केटिंग क्षेत्र उत्तरप्रदेश राज्य की वस्त्र मण्डियां, बिहार एवं एमपी क्षेत्र में बेहतर है।

DHARAMVIR®
SUITINGS & SHIRTINGS
CHOPRA LOT HOUSE
A Wholesale Distributors Of Branded Suitings-Shirtings & Sarees
Shop.: 50/15, NAUGHARA, KANPUR - 208001, PH.:91-512-2353305
Mob.: 09415132971, E-mail: sanjivkumar@dharamvirgroup.com
6 N 6 Patel Nagar Housing Board, Bhilwara - 311001 Ph.: 01482-260272
WEB: WWW.DHARAMVIRGROUP.COM

# देशभर की सभी कपड़ा उत्पादक मण्डियों का कपड़ा सेल होता है गोवर्धन साड़ी





**कानपुर/** कानपुर कपड़ा मण्डी में होलसेल फैब्रिक आपूर्ति में दिग्गज घरानों में प्रतिष्ठित फर्म गोवर्धन साड़ी देश के सभी मेन्यूफेक्चरर्स की सूचि में शामिल है, जहां देशभर का कपड़ा बिकता है। व्यापार की शुरूआत स्व. श्री रतनचन्द खत्री द्वारा की गई थी। तब से निरन्तर परिवार के सदस्यों द्वारा अपने कार्यकौशल एवं अनुभव से इस पेढ़ी को बेहतर मुकाम पर पहुँचाया। व्यापार में महत्वपूर्ण भूमिका स्व. श्री अर्जुनदास खत्री (अज्जुभाई) ने सभी परिवार के सदस्यों के साथ एक टीम वर्क व बेहतर प्रबन्ध व्यवस्था से गोवर्धन साड़ी को कपड़ा व्यवसाय में ऊपरी श्रेणी में स्थापित किया। श्री अर्जुनदास ने अपने व्यक्तित्व एवं कार्य में अपनी महारत से व्यापारियों में बेहतर सम्बन्ध स्थापित किए एवं शानदार नेटवर्क स्थापित किया।

**रेडीमेड गारमेण्ट-** फर्म द्वारा रेडीमेड सेगमेण्ट में उत्पाद सप्लाई के लिये गोवर्धन गारमेण्ट नाम से अलग से प्रभाग बनाय गया, जिसे इस सेक्टर के अनुभवी टीम द्वारा सम्पादित किया जा रहा है। श्री प्रशान्त खत्री ने बताया कि इसके लिये प्रबन्धन द्वारा स्थानीय शहर के कोपरगंज में रेलवे माल गोदाम के सामने सप्लाई सेन्टर से एक ही छत के नीचे गारमेण्ट सेक्टर में ऑल सोल्युशन के अन्तर्गत मेन्सवियर, लेडीज वीयर, किड्स वीयर, अन्डर गारमेन्ट्स, जिन्स, टॉप, गाउन, मेक्सी, कुर्ती, लेगींग, शेरवानी, ब्लेजर एवं कुर्ता की उच्च स्तरीय क्वालिटी ब्राण्ड्स के उत्पाद की होलसेल सप्लाई की जा रही है।

**रिटेल सेक्टर में बना राजरतन ब्राण्ड-** इस सेक्टर में इन्होंने उत्तरप्रदेश राज्य में कई शहरों में अपने रिटेल आउटलेट भी स्थापित किए, जो श्रंखलाबद्ध रूप से 13 काउण्टर अलग-अलग बड़े शहरों में स्थापित हैं, जो सूबे के सबसे बड़े रिटेल प्रतिष्ठान राजरतन नाम से विख्यात है।

**होलसेल फैब्रिक आपूर्ति-** व्यापार में देश की कई वस्त्र उत्पाद मण्डियों का माल अपने व्यापारियों को सप्लाई करते हैं जिसमें सूटिंग-शर्टिंग, साड़ी, कॉटन क्लॉथ, सूट, तोलिया, बेड एण्ड बाथ लुंगी, चद्दर मार्किन इत्यादि उम्दा क्वालिटियों के उत्पाद शामिल हैं।

**प्रबन्ध व्यवस्था-** कारोबार में स्व. श्री अर्जुनदास खत्री के भ्राता श्री हीराभाई, श्री प्रहलाद एवं पुत्र श्री प्रशांत खत्री के कुशल नेतृत्व से व्यापार निरन्तर सफलता के पथ पर अग्रसर है। रिटेल क्षेत्र में श्री राजकुमार खत्री बेहतर प्रबन्ध व्यवस्था से कार्य देख रहे हैं।

GOVERDHAN GARMENTS
HARISH DHINGRA- 8577055305













DEALING IN: WHOLESALE SUPPLY
73/30, Cooper Ganj, Kanpur - 208001 (Opp. Rail Mall Godown Gate No.4)

# देश की कई वस्त्र मण्डियों में बेहतर नेटवर्क के साथ शीर्ष एजेंसी आनन्देश्वर टेक्सटाइल एजेन्सी



**कानपुर/** वस्त्र मण्डी में प्रतिष्ठित टेक्सटाइल एजेन्सियों में शामिल आनन्देश्वर टेक्सटाइल एजेन्सी ने अपने बेहतर सिस्टम एवं पारदर्शी व्यापार के साथ इस क्षेत्र में सन् 1998 में श्री योगेश चन्द्र गुप्ता द्वारा शुभारम्भ किया गया था। एजेन्सी कार्य में प्रमुख सहयोगियों में श्री अजय कुमार गुप्ता व श्री अनुभव गुप्ता के संयुक्त कुशल प्रबन्धन से फर्म का कारोबार सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। श्री योगेश गुप्ता ने शुरूआती दौर में ही मुम्बई एवं भीलवाड़ा की कई प्रसिद्ध कम्पनियों से जुड़ते हुए व्यापार में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की और अब कार्य विस्तार करते हुए कॉटन फैब्रिक आपूर्ति में अहमदाबाद की सूटिंग-शर्टिंग के साथ साथ इचलकंरजी निर्मित फैब्रिक सप्लाई में भी कार्य किया जा रहा है। एजेंसी कार्य में सूटिंग-शर्टिंग, कॉटन, फेंसी एवं गारमेण्ट फैब्रिक इत्यादि की सप्लाई शामिल है।

अहमदाबाद की कॉटन सूटिंग-शर्टिंग ब्राण्ड्स की फैब्रिक, भीलवाड़ा की यूनिफॉर्म फैब्रिक, फेंसी सूटिंग एवं इचलकरंजी में भी बेहतर नेटवर्क स्थापित किया है।

बढ़ता गारमेण्ट सेक्टर पिछले कुछ वर्षों से द्रुतगति से रेडीमेड परिधानों में डिमाण्ड बढ़ने के मद्देनजर एजेंसी के अन्तर्गत कई शीर्ष कम्पनियों के मेन्सवीयर, ट्राउजर, शर्ट्स एवं किड्स वीयर के उत्पाद आपूर्ति किए जा रहे हैं। इस कार्य के अन्तर्गत एजेंसी में कार्य विस्तार करते हुए सहयोगी फर्मों में श्री महादेव एजेंसी, शुभम् टेक्सटाइल एजेंसी एवं यश टेक्सटाइल के अन्तर्गत कार्य किया जा रहा है।

**शाखाएं-** एजेंसी द्वारा वर्षों से निरन्तर पारदर्शी कार्य करने एवं मजबूत नेटवर्क के चलते आज कानपुर हेडक्वार्टर के अलावा भीलवाड़ा, अहमदाबाद , शहरों में ब्रांच ऑफिस संचालित हैं, जहां से बेहतर कार्य सम्पादित हो रहा है।

SHREE ANANDESHWAR TEXTILE AGENCY
Yash Textile Agency
Kanpur Office. 55/56, 1st Floor, Kahu Kothi, Kanpur
Yogesh-9336115594, Ajay-9336100220
DEALING IN
Mumbai | Ahmedabad
Bhilwara | Balotra | Erode
SHREE MAHADEO AGENCY
SHUBHAM TEXTILE AGENCY
ASHISH - 9352644222 (Bhilwara)
ANUBHAV - 8318920357 (Kanpur)

# कॉटन फैब्रिक सप्लाई में शीर्ष पायदान पर अनुज एण्टरप्राइजेज





**कानपुर/** स्थानीय वस्त्र मण्डी में प्रतिष्ठित फर्म अनुज एण्टरप्राइजेज पिछले 21 वर्षों से एजेन्सी कार्य के अन्तर्गत विभिन्न सेगमेन्ट में कपड़ा सप्लाई का कार्य कर रही है। कार्य की शुरूआत करने वाले संस्थापक श्री अशोक अग्रवाल ने अपने कार्यकौशल से इस क्षेत्र में अपनी बेहतर पहचान बनाई है।

व्यापार में इनके साथ युवा सुपुत्रों में श्री अजय अग्रवाल एवं श्री अनुज अग्रवाल अपने अनुभव से इसका कुशल संचालन कर रहे हैं।

श्री अग्रवाल ने अपने कार्य क्षेत्र की जानकारी देते हुए बताया कि एजेन्सी कार्य के अन्तर्गत देश की कई कपड़ा उत्पादक मण्डियों से कारोबार कर रहे हैं जिसमें अहमदाबाद, जेतपुर, पाली, बालोतरा, मुम्बई एवं इरोड़ निर्मित मालों की सप्लाई शामिल है।

प्रमुख उत्पादों में स्पन साड़ी, कॉटन साड़ी, कॉटन सूट, रूबिया, पोपलीन, अस्तर, इरोड़ ब्लीच एवं केम्ब्रिक की मुख्यतौर पर हमारी फर्म सप्लाई करती है, जिसमें वुमन्सवीयर के उपयोगी फैब्रिक में क्वालिटी उत्पाद शामिल हैं। इनकी फर्म कानपुर मण्डी में कॉटन फैब्रिक सप्लाई में ऊपरी पायदान पर है। विदित है कि कुछ वर्षों से कॉटन वस्त्रों का चलन दिनोंदिन बढ़ रहा है।

एजेंसी कार्य में फर्म की बेहतर साख के चलते देश की कई मण्डियों में अच्छे घरों से इनका कार्य हो रहा है। श्री अग्रवाल ने बताया कि व्यापार में पारदर्शी कार्य एवं व्यापारियों में विश्वसनीयता ही आपको सफलता के मुकाम पर पहुँचाती है।

Anuj Enterprises
AE A Leading Agency in Cotton Sector
DEALING IN:
Spun Saree, Cotton Saree, Cotton Suit, Rubia
Popline Austher Speciality in Bleach
Cambric for Erode Manufacturer
Ajay : 093368-18346
49/12, General Ganj, (Above Vandana Sarees)
Kanpur-1, Ph.: 0512-2366998, 3044806

MOHAN BROTHERS
Raymond Siyaram's WHOLESALE DISTRIBUTORS
S.Kumars The Fabric of India | Reid & Taylor LUXURY SUITINGS
Raymond | Siyaram's | Reid & Taylor
OCM | Digjam | S.Kumar
55/3, Kahoo Kothi, Kanpur- 208 001, Mob. 98391-03525
Email: vikasarora007@yahoo.co.in

# कपड़ा व्यापार में शतक पूर्ण करके सफलता के पथ पर गतिशील मोहन ब्रदर्स



**कानपुर/** कपड़ा व्यापार में सेन्चुरी पूर्ण करते हुए प्रसिद्ध फर्म मोहन ब्रदर्स ने अच्छी फर्मों में जगह बनाई है। कार्य की शुरूआत 1915 में श्री लाला सरभ दयाल द्वारा की गई थी। तब से निरन्तर पीढ़ी दर पीढ़ी इसी क्षेत्र में कार्य करते रहे एवं श्रेष्ठ कपड़ा ही सप्लाई किया। फर्म के बारे में जानकारी देते हुए श्री विकास अरोड़ा ने बताया कि हमारी फर्म सूटिंग-शर्टिंग की सप्लाई कर रही है जिसमें रेमण्ड, रीड एण्ड टेलर, सियाराम, एस कुमार, ओसीएम, आदि शामिल हैं। श्री अरोड़ा ने बताया कि नामचीन ब्राण्ड रेमण्ड की शर्टिंग एवं रेमण्ड कोम्बो की सप्लाई भी कर रहे हैं। यूनिफॉर्म सेक्टर में स्कूल एवं खाकी फैब्रिक में हमारी विशेष महारत है। हाल ही के महिनों में उपभोक्ता चैक्स सेगमेण्ट में खरीदी अधिक करने लगा है।

# शर्टिंग सप्लाई में जाना माना प्रतिष्ठान मन्नत टेक्सटाइल



**कानपुर/** कपड़ा व्यवसाय में सन् 2012 से श्री कंवलजीत सिंह ने मन्नत टेक्सटाइल नाम से व्यापार की शुरुआत की। हालांकि श्री सिंह 1976 से ही पारिवारिक कपड़ा व्यापार में कार्य कर रहे थे, जिसको इनके पिताजी श्री महेन्द्र सिंह द्वारा आरंभ किया गया था। श्री सिंह कपड़ा व्यापार में एक विजन लेकर कार्य कर रहे हैं, जिसमें शर्टिंग उत्पाद की उम्दा क्वालिटियां सप्लाई करते हैं। शर्टिंग उत्पाद की टॉप कम्पनियों में गीजा कॉटन (गीजा हाउस) आदित्य बिड़ला केल्विन, सोलीनो एवं पीजी के उत्पाद सप्लाई कर रहे हैं, जिनकी कानपुर एवं यूपी स्टेट में मोनोपोली है। इन कम्पनियों की शर्टिंग क्वालिटीयुक्त रहती है एवं कॉटन व फैंसी में काफी रेंज रखते हैं। पीजी की टॉप श्रेणी में प्रीमियम रेंज की एक मात्र कम्पनी है जिसकी शर्टिंग डिमाण्ड से बिकती है। श्री सिंह ने बताया कि पहले शर्टिंग में प्रीमियम रेंज एवं क्वालिटी नहीं बनती थी अतः सेल भी कम रहती थी, परंतु अब प्रीमियम रेंज का निर्माण होने से बेहतर सेल है।

Solino® ·Linen·Giza Cotton·
PEE GEE FABRICS PEHNO GARV SE
kelvin
ADITYA BIRLA GROUP
GIZA HOUSE
MANNAT TEXTILE
55/32, Laxmi Market, Shop No. 12-13, Kahoo Kothi, General Ganj., Kanpur- U.P. (INDIA)
Ph.: 0512-2388999, Mob.: 09839281199

# टेक्सटाइल एजेन्सी कार्य में शतक पूर्ण कपूर एण्ड ब्रदर्स





**कानपुर/** कपड़ा व्यापार में एजेन्सी कार्य का शतक पूरा करते हुए कपूर परिवार अपने पुश्तेनी कार्य को पुरखों की इस पेढ़ी की गरिमा को आज भी कायम रखते हुए अपनी कार्यकुशलता, स्वच्छता एवं सफलता पूर्वक कार्य कर रहे हैं।

कार्य की शुरूआत स्व. श्री मन्नालाल कपूर द्वारा पुतन लाल दलाल नामक फर्म में आढ़त कार्य से की गई थी।

व्यापार के कार्य में शामिल होते हुए इनके पुत्र श्री स्व. श्री केशवनाथ कपूर द्वारा 1955 में मफतलाल की एजेन्सी लेकर कार्य विस्तार किया और गौरतलब है कि आज तक मफतलाल का कार्य पांचवी पीढ़ी द्वारा भी यथावत् किया जा रहा है।


वर्तमान में इनके पुत्रों में श्री राकेश कपूर एवं श्री आशु कपुर के कुशल नेतृत्व में सफलतापूर्वक कार्य संचालित किया जा रहा है।

श्री राकेश कपूर ने अपनी कार्यशैली से काफी नए डवलपमेण्ट किए हैं, जिनमें शत प्रतिशत कॉटन में विभिन्न कलर रेंज शामिल हैं। प्रमुख उत्पादों में प्रिण्ट, कॉटन यार्न डाईड एवं न्यू रेंजें शामिल हैं। एजेंसी कार्य में और भी कई युनिटों का कार्य किया जा रहा है, जिनमें क्वालिटी ब्राण्ड सूटिंग-शर्टिंग, कोम्बो एवं ड्रेस मटेरियल इत्यादि के उत्पाद शामिल हैं।

SINCE- 100 YEARS
A Leading Textile Agency
KAPOOR & BROTHERS
48/151 General ganj, Kanpur (UP)
Mob.: 9839112494 | E-mail: vibhu14@yahoo.com

## मफतलाल रेडीमेड यूनिफॉर्म की लॉञ्चिंग के बाद हुआ कार्य विस्तार

श्री कपूर अपने कार्यक्षेत्र में मफतलाल रेडीमेड यूनिफॉर्म के उत्पाद भी सप्लाई कर रहे हैं, जो यूपी राज्य की सभी मण्डियों में सेल हो रहे हैं। इन्होंने बताया कि आज बाजार काफी परिवर्तित होता दिख रहा है। इसी तरह व्यापारी भी समय के साथ परिवर्तित होते दिख रहे हैं। ऐसे में जो व्यापारी समय पर परिवर्तित नहीं होंगे, वो आगे टिक नहीं पायेंगे, क्योंकि पेमेण्ट सेल का पीरियड बहुत कम हो गया और व्यापारी उस सेल को नहीं पकड़, पाया, तो वो पीछे छूट जायेगा। अब आगे मार्केट में ब्राण्ड्स का ही भविष्य है।


AWA
Estd. 1940
AWA
Since 1940
FASTEST SELLING POLICE UNIFORM
Quality Assurance
BANSWARA SYNTEX LTD.
OEKO TEX®
CERTIFIED
awastoreindia
AMRITSAR WOOLLEN AGENCY
49/11, General Ganj, Kanpur (UP) Mobile.: 9839211830
H.O.: 10/471, Khalasi Line, Kanpur (UP) Mobile: 9653019974